Title Code :- RAJHIN27855

दैनिक
# द डेस्प्रिंग

TDN
THE DAYSPRING NEWS

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 अंक:236 मूल्य: 3 रू पेज: 8 जयपुर, शुक्रवार/ 19 सितम्बर /2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर , सिरोही से प्रसारित)

## वोट को ऑनलाइन नहीं हटाया जा सकता राहुल के समझने में गलती: चुनाव आयोग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आज एक पत्रकार वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लगाए गए आरोपों को गलत और बेबुनियाद बताया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि बिना सुनवाई के और वह भी ऑनलाइन माध्यम से किसी का भी नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जा सकता। इस तरह का 2023 में प्रयास किया गया था जिस पर स्वयं आयोग ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। राहुल गांधी ने आज कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि 6 हजार से अधिक लोगों के वोट कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र से हटाए गए। चुनाव आयोग ने इस पर कहा कि राहुल गांधी के आरोप गलत और निराधार हैं। कोई आम नागरिक किसी के भी वोट को ऑनलाइन नहीं हटा सकता। साथ ही प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना भी वोट को हटाया नहीं जा सकता। राहुल के पत्रकार वार्ता में दिए उदाहरण पर आयोग ने कहा कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए स्वयं चुनाव आयोग ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आयोग ने इस बात का उल्लेख किया है कि आलंद विधानसभा क्षेत्र से 2023 में कांग्रेस नेता बीआर पाटिल (कांग्रेस) ने जीत हासिल की थी।



### जानकारी छिपाकर किसे बचा रहा चुनाव आयोग : खरगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6,018 मतदाताओं के नाम हटाए जाने के आरोप का कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने समर्थन करते हुए चुनाव आयोग से तीन सवाल पूछे। मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से नाम हटाने की जांच कर रही सीआईडी टीम ने पिछले 18 महीनों में चुनाव आयोग को 18 पत्र लिखे हैं। लेकिन, चुनाव आयोग दोषियों का पता लगाने के लिए जरूरी जानकारी छिपा रहा है। उन्होने राहुल गांधी के आरोपों का समर्थन करते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने इस घटना का पर्दाफाश कर दिया है।

### यह आयोग चोरों का रक्षक और बताए कैसे हो रहे कांग्रेस के वोट चोरी : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज गुरुवार को भी बड़ा धमाका कर दिया। उन्होंने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के ठीक पहले एक वीडियो जारी किया और कहा कि आप लोग अपनी अपनी कुर्सी की पेटी बांध लीजिए। राहुल के इस संकेत के बाद वे मंच पर आए और उन्होंने कांग्रेस के वोटरों के नाम डिलीट होने के सबूत रखे साथ ही कहा कि वोट चोरों की रक्षा भारत का चुनाव आयोग कर रहा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि, मैं ऐसा कुछ नहीं कहता जो सच न हो। मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो अपने देश से प्यार करता हूं, मैं अपने संविधान से प्यार करता हूं, मैं लोकतांत्रिक प्रक्रिया से प्यार करता हूं और मैं उस प्रक्रिया की रक्षा कर रहा हूं। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त उन लोगों को बचा रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को खत्म कर दिया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी वोट चोरी के आरोप पर दूसरी बार प्रेस कॉन्फेंस की है। इससे पहले उन्होंने 7 अगस्त को मीडिया से बात की। राहुल प्रेजेंटेशन के जरिए वोट चोरी के आरोप और सबूत दिखाए।

## टेंशन के बीच अमेरिका से भारत को झटका

### ड्रग्स तस्करी मामले में अधिकारियों के वीजा रद्द

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टैरिफ और रूस से तेल आयात को लेकर चल रहे तनाव के बीच अमेरिका ने भारत पर एक और ऐक्शन लिया है। अमेरिका ने भारत के कुछ टॉप अधिकारियों के वीजा को रद्द कर दिया है। अधिकारियों पर अमेरिका में प्रतिबंधित ड्रग्स फेंटेनाइल प्रीकर्सर की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को ऐलान किया कि उसने कुछ भारतीय व्यापारिक अधिकारियों और कॉर्पोरेट नेतृत्व का वीजा कैंसल कर दिया है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बड़े पैमाने पर ड्रग्स की तस्करी और नशीले पदार्थों के उत्पादन वाले देशों को चेतावनी दिए जाने के कुछ ही घंटों बाद उठाया गया है। भारत उन 23 देशों में शामिल था जिन पर अमेरिका ने कहा था कि वह इस संबंध में नजर रख रहा है। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि कुछ भारतीय कंपनियों के अधिकारियों के वीजा रद्द करना अमेरिकियों को खतरनाक सिंथेटिक नशीले पदार्थों के खतरे से बचाने के वॉशिंगटन के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास



ने एक विज्ञप्ति में कहा, "इस निर्णय के परिणामस्वरूप, ये व्यक्ति और उनके करीबी परिवार के सदस्य अमेरिका की यात्रा के लिए अयोग्य हो सकते हैं।" जिन कंपनियों के अधिकारियों के बारे में ज्ञात है कि उन्होंने फेंटेनाइल प्रीकर्सर की तस्करी की है, उन्हें भी दूतावास द्वारा अमेरिका के लिए वीजा के लिए आवेदन करते समय चिह्नित किया जाएगा। फेंटेनाइल और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खतरे की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, अमेरिकी दूतावास ने इससे निपटने में सहयोग के लिए भारत सरकार का भी धन्यवाद किया है। दूतावास ने चार्ज डी'एफ़ेयर जॉर्गन एंड्रयूज़ के हवाले से कहा, "अमेरिका में नशीले पदार्थों के अवैध उत्पादन और तस्करी में शामिल व्यक्तियों और संगठनों को, उनके परिवारों सहित, ऐसे परिणाम भुगतने होंगे जिनमें अमेरिका में प्रवेश से वंचित होना भी शामिल हो सकता है।"

## दिल्ली में 72 देशों के राजनयिकों ने मां के नाम पर किया पौधरोपण



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में 72 से अधिक देशों के 75 राजदूतों, उच्चायुक्तों और मिशन प्रमुखों ने गुरुवार को "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत अपनी मां के नाम पर पौधरोपण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू सेवा पखवाड़ा के तहत दिल्ली के पीबीजी ग्राउंड में यह वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि ये पूरे विश्व के लिए बहुत बड़ा आयोजन है। प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम की अपील हमें यह एहसास दिलाती है कि धरती को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर कई राजदूत और उच्चायुक्त अपनी मां को याद करके भावुक हो गए। सेवा पखवाड़ा के तहत 25 सितंबर को पूरे देश में 7.5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। आज इंडिया से इसकी खुशबू पूरी दुनिया तक पहुंची है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि दिल्ली का हरित क्षेत्र 25 फीसद बढ़ा है, जो अन्य सभी प्रदेशों में सबसे ज़्यादा है। एक पेड़ मां के नाम सिर्फ अभियान नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है। आपके द्वारा लगाया हुआ हर पेड़ मां के प्यार और संवेदना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 72 देशों के राजनयिकों ने अपनी मां के नाम पर दिल्ली की धरती पर पेड़ लगाया। यह दृश्य दिखाता है कि मां का रिश्ता न भाषा से बंधा है और न ही सीमा से। मां का नाम लिया जाए तो पूरी धरती एक हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर शुरू सेवा पखवाड़े के अंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम 2.0" अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि मां और धरती मां दोनों के प्रति हमारी कृतज्ञता का भी प्रतीक है। दिल्ली सरकार इस वर्ष 70 लाख पेड़ लगाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने सभी से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाने का आग्रह किया। मंत्री सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम के संकल्प ने वैश्विक स्तर पर ख्याति हासिल की है। 72 से अधिक देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों ने प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर पौधे लगाए। यह प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक लीडरशिप का सबूत है और सभी भारतीयों के लिए गर्व का पल है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन के तहत दिल्ली तेजी से हरित राजधानी बनने की ओर बढ़ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### आधारहीन आरोप लगाना राहुल गांधी की आदत: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भारतीय जनता



पार्टी (भाजपा) ने तंज कसा है। भाजपा ने कहा कि 'हाइड्रोजन बम' फोड़ने वाले थे, लेकिन सिर्फ फुलझड़ी से ही काम चलाना पड़ा है ओर वो भी फुस्स हो गयी। आधारहीन आरोप लगाना इनकी आदत बन गई है। राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस के बाद भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि उन्होंने (राहुल) आरोपों की राजनीति को अपना आभूषण बना लिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव दर चुनाव हार और जनता से नकार दिए जाने वाले एक नेता, जिनके नेतृत्व में करीब 90 चुनाव कांग्रेस हार चुकी है। उनकी हताशा-निराशा लगातार बढ़ती जा रही है और आरोपों की राजनीति को राहुल ने अपना आभूषण बना लिया है। उन्होंने कहा कि जब इनके द्वारा लगाए गए आरोपों को सत्यापित करने के लिए कहा जाता है तो पीठ दिखाकर भाग जाते हैं, शपथ पत्र देने को कहा जाता है तो मुकर जाते हैं। आधारहीन आरोप लगाना इनकी आदत बन गई है। सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि चुनाव आयोग ने कहा है कि ऑनलाइन किसी भी वोट को नहीं काटा जा सकता है और बगैर किसी की बात सुने उसका वोट नहीं काटते, उस पर निर्णय नहीं करते। राहुल का आरोप है कि 2023 में कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम काटने के असफल प्रयास किए गए।

### चमोली में बादल फटने से 12 मकान तबाह, 10 लोग मलबे में दब गए



**देहरादून।** उत्तराखंड में देहरादून के बाद अब चमोली जिले में बुधवार देर रात लगभग 2:30 बजे नंदानगर क्षेत्र के फाली कुंतरी, सैंती कुंतरी, भैंसवाड़ा और धुर्मा गांवों के ऊपर पहाड़ी पर बादल फटने से भारी तबाही मच गई। कम से कम 10 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। चमोली जिले के ग्राम कुंतरी लंगाफली में बादल फटने से 10 लोग लापता हो गए हैं, जिनमें कुंवर सिंह (42), उनकी पत्नी कांता देवी (38), दोनों पुत्र विकास और विशाल (10-10 वर्ष), नरेंद्र सिंह (40), जगदम्बा प्रसाद (70), उनकी पत्नी भागा देवी (65) और देवेश्वरी देवी (65) शामिल हैं। आशंका है कि सभी मलबे में दबे हुए हैं। वहीं, दुर्गा गाँव से भी दो लोगों के लापता होने की खबर है, इनमें गुमान सिंह (75) और ममता देवी (38) शामिल हैं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मलबा आने से 12 मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए। अकेले कुंतरी लंगाफली वार्ड में 6 मकानों के मलबे में दबने की सूचना है। हादसे में 10 लोग लापता बताए जा रहे हैं, जबकि 2 लोगों को जीवित बचा लिया गया है। कई जगहों पर घरों का नामोनिशान तक नहीं बचा और लोग बेघर होकर सड़कों पर निकल आए। ज़िला प्रशासन के मुताबिक, क्षेत्र की अधिकांश सड़कों को नुकसान पहुंचा है, जिससे राहत कार्य में दिक़्क़तें आ रही हैं।

## भारत की विकास गाथा अधिक आत्मविश्वास के साथ गति पकड़ रही है : अश्वनी वैष्णव

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में गुरुवार को पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) के 12वें वार्षिक फोरम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की विकास गाथा निरंतर जारी है और यह अधिक आत्मविश्वास के साथ गति पकड़ रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत आज एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में उभर रहा है। इस उभार के पीछे विनियमन-मुक्ति, डिजिटलीकरण और निवेश सुगमता जैसे व्यापक नीतिगत सुधार है। मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में हुई महत्वपूर्ण प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दो और सेमीकंडक्टर संयंत्र जल्द ही चालू हो जाएँगे, जिससे वैश्विक चिप निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। बुनियादी ढाँचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करते हुए मंत्री ने रेलवे में पूंजीगत व्यय के तीन प्रमुख क्षेत्रों का विस्तार से उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने बताया कि दूरसंचार टावरों की मंजूरी में लगने वाले समय को 272 दिनों से घटाकर केवल 7 दिन कर दिया गया है। यह सरलीकरण की शक्ति का प्रमाण है। मंत्री ने लचीली नीतियों के महत्व पर ज़ोर दिया जो अस्थिर अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं की कसौटी पर खरा उतर सकें। उन्होंने भारत की संभावनाओं और नवाचार के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना जैसे उभरते क्षेत्रों में नवाचार के नए आयाम स्थापित किए गए हैं।

## धमाका नहीं, ड्रामा कर रहे हैं राहुल गांधी: अनुराग ठाकुर"

**नई दिल्ली:** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर करारा हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी के आरोपों को झूठा करार देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता चुनाव आयोग, संवैधानिक संस्थाओं और जनता के विश्वास को कमजोर करने की राजनीति कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी का 'हिट एंड रन' वाला रवैया अब आदत बन गया है। चाहे राफेल का मामला हो, 'चौकीदार चोर है' का आरोप हो, या सावरकर और आरएसएस से जुड़े मुद्दे हों, हर बार उन्हें कोर्ट से फटकार मिली और माफी मांगनी पड़ी। उन्होंने कहा,




"हाइड्रोजन बम फोड़ने का दावा फुलझड़ी साबित हुआ, राहुल गांधी केवल ड्रामा कर रहे हैं।" भाजपा सांसद ने कांग्रेस पर घुसपैठियों और अर्बन नक्सल्स की रक्षा की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने आलंद विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए सवाल किया कि 2023 में कांग्रेस के उम्मीदवार ने 10,348 मतों से जीत हासिल की थी, क्या यह वोट चोरी के कारण हुआ? अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार आरोप लगाकर संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों की बात करते हैं, लेकिन उन्हीं के वोटों की ताकत को कमजोर करने का प्रयास करते हैं। क्या घुसपैठियों के वोट को बचाना ही कांग्रेस की राजनीति का मूल उद्देश्य है?" भाजपा सांसद ने राहुल गांधी से सवाल किया कि उन्होंने शपथपत्र क्यों नहीं दिया, प्रमाण क्यों नहीं पेश किए, और केवल आरोप लगाकर लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास क्यों किया। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस की यह राजनीति पहले ही बेनकाब हो चुकी है और आगे भी बेनकाब होती रहेगी। अनुराग ठाकुर ने निष्कर्ष में कहा: "कांग्रेस चाहे जितना प्रयास करे, भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को मजबूत करने और घुसपैठियों के असली एजेंडे को बेनकाब करने के हर कदम उठाएगी। राहुल गांधी की राजनीति केवल अराजकता फैलाने और लोकतंत्र को कमजोर करने तक सीमित है।"

## हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड ने गढ़े विकास के नए आयाम, भाजपा के आरोपों को बताया तथ्यहीन

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार ने पिछले 5.5 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, पेयजल और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास कार्य किए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों को विनोद पांडेय ने "तथ्यहीन और जनता का अपमान" करार दिया। पांडेय ने कहा कि भाजपा की "जंगलराज" वाली आलोचना उनके 19 साल के शासनकाल की विरासत है। सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को राजनीतिक लाभ के लिए भुनाने की भी उन्होंने निंदा की। उन्होंने बताया कि हेमंत सरकार ने आदिवासी-ग्रामीण समाज को केंद्र में रखकर कई योजनाएं लागू की हैं, जैसे "मंईयां सम्मान योजना", "सावित्री बाई फुले प्रोत्साहन योजना" और सर्वजन पेंशन, जो हजारों परिवारों के लिए संबल साबित हुई हैं। पांडेय ने भाजपा नेताओं से वास्तविक विकास आंकड़े देखने और झूठी बयानबाजी छोड़ने की सलाह दी।

## ईडी ने फेमा उल्लंघन के मामले में जिंदल ग्रुप के 13 ठिकानों पर मारे छापे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली-एनसीआर समेत 13 ठिकानों पर छापे मारे हैं। ईडी की छापेमारी में बी सी जिंदल ग्रुप, उसके डायरेक्टर्स और अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। बता दें फेमा उल्लंघन के मामले में जिंदल इंडिया थर्मल पावर लिमिटेड और जिंदल इंडिया पावरटेक लिमिटेड की विदेशी निवेश और फंड पार्किंग की जांच जारी है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि ईडी कंपनी की समूह इकाइयों, जैसे जिंदल इंडिया थर्मल पावर लिमिटेड और जिंदल इंडिया पावरटेक लिमिटेड, द्वारा अपने विदेशी निवेश और अपनी विदेशी इकाइयों में धन जमा करने के



लिए संदिग्ध फेमा उल्लंघनों की जांच कर रहा है। इस व्यावसायिक समूह का वार्षिक कारोबार 18,000 करोड़ रुपए से ज्यादा है और यह बिजली क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है। रिपोर्ट के मुताबिक बिना अनुमति के विदेश में पैसा भेजना या लाना, विदेशी मुद्रा का गलत इस्तेमाल करना, फेमा उल्लंघन होता है। फेमा उल्लंघन का मतलब है फेमा विवोलेशन, यहां फेमा से मतलब है फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट, जो भारत में विदेशी मुद्रा लेनदेन को नियंत्रित करता है।

## आपका सवाल तो सही है, लेकिन आपने गलत आदमी से पूछ लिया...

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को बार-बार टाला जा रहा है। अब चर्चा है कि भगवा पार्टी के इस सर्वोच्च पद के लिए किसी एक नाम पर बीजेपी और आरएसएस के बीच सहमती नहीं बन पा रही है। कहा जा रहा है कि आरएसएस और बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व के बीच सामंजस्य नहीं है। यही कारण है कि जेपी नड्डा का कार्यकाल इतना लंबा खिंच गया है। इस मुद्दे पर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और मोदी सरकार में कद्दावर मंत्री नितिन गडकरी से सवाल किया तो उन्होंने मजेदार जवाब दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक कार्यक्रम में जब गडकरी से पूछा गया कि बीजेपी में इतने लंबे

### बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सवाल पर गडकरी ने दिया मजेदार जवाब



समय से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की कोशिश की जा रही है, लेकिन नहीं चुन पा रही है? क्या आरएसएस से संबंध ठीक नहीं हैं? इस पर नितिन गडकरी ने मुस्कुराते हुए कहा कि आपका सवाल तो सही है, लेकिन आपने गलत आदमी से पूछ लिया है। उन्होंने कहा कि कभी आप बीजेपी के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से इसके बारे में पूछिए। इसका जवाब देने के लिए वही सही व्यक्ति हैं। हालांकि, हाल के दिनों में पीएम मोदी के द्वारा कई मौकों पर आरएसएस और संघ प्रमुख मोहन भागवत की तारीफ की गई है। उन्होंने 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से आरएसएस को दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ करार दिया है। वहीं, उन्होंने मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर कई अखबारों में संपादकीय लिखकर उनकी खूब तारीफ की है। वहीं, अमित शाह ने भी हाल ही में कहा था कि आरएसएस का स्वयंसेवक होना कभी निगेटिव पॉइंट नहीं हो सकता है। बता दें जेपी नड्डा 2020 से लगातार बीजेपी अध्यक्ष हैं। उनके कार्यकाल को अगले अध्यक्ष चुने जाने तक के लिए बढ़ाया गया था।

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह का झारखंड दौरा संपन्न, आत्मनिर्भर भारत अभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री, मुख्यालय प्रभारी एवं सांसद अरुण सिंह ने अपने एक दिवसीय झारखंड प्रवास के दौरान कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने युवा मोर्चा द्वारा जीडी गोयनका स्कूल, नामकुम में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया, वृक्षारोपण किया और रातू रोड स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यशाला का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि अरुण सिंह ने कहा कि भाजपा 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक "स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ" अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना ही आत्मनिर्भर भारत का रास्ता है और "वोकल फॉर लोकल" प्रधानमंत्री मोदी का




वही संदेश है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान के अम्बेसडर बनें और घर-घर जाकर लोगों को जोड़ें। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने आत्मनिर्भर भारत को आर्थिक स्वतंत्रता की लड़ाई बताया। वहीं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती (25 सितंबर) से अटल बिहारी वाजपेयी जयंती (25 दिसंबर) तक चलने वाले इस अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान, स्वदेशी मेला, संगोष्ठी, संकल्प यात्रा, प्रभात फेरी, प्रतियोगिताएं और दीवार लेखन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सांसद आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम सहित बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक और अभियान से जुड़े जिला टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## पाक-सऊदी के रणनीतिक रक्षा समझौते के प्रभावों को परखेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का कहना है कि पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए रणनीतिक रक्षा समझौते का राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों और इसके क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले असर का अध्ययन किया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय हितों और सभी क्षेत्रों से जुड़ी व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रवक्ता ने कहा कि हमने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर संबंधी खबरें देखी हैं। सरकार को इस बात की जानकारी थी। यह घटनाक्रम पहले से विचाराधीन था।

## हादसे का शिकार होते-होते बचा राष्ट्रपति ट्रंप का विमान, मचा हड़कंप

**एजेंसी। वाशिंगटन**

एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। राष्ट्रपति ट्रंप और फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप को लेकर उड़ान भर रहा विशाल एयरफोर्स वन एक अनोखे हादसे का हिस्सा बनते-बचते रह गया। यह घटना उस समय हुई जब न्यू जर्सी के मॉरिस्टाउन एयरपोर्ट से ब्रिटेन के लिए उड़ान भरने वाला राष्ट्रपति का विमान, न्यूयॉर्क के आकाश में स्पिरिट एयरलाइंस की फ्लाइट 1300 के बेहद करीब आ गया। रिपोर्ट के अनुसार, स्पिरिट एयरलाइंस का एयरबस ए321 विमान फोर्ट लॉडरडेल से बोस्टन जा रहा था। दोनों विमान लॉन्ग आइलैंड के ऊपर समान ऊंचाई पर उड़ान भर रहे थे



और उनके रास्ते एक-दूसरे से टकराने की संभावना दिख रही थी। तभी एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने स्पिरिट के पायलटों को तुरंत सतर्क किया और बार-बार जोर देकर कहा-'स्पिरिट 1300, अभी 20 डिग्री दाईं ओर मुड़ें।' एटीसी की इस चेतावनी का ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें कंट्रोलर ने लगातार पायलटों को सावधान रहने को कहा। कंट्रोलर ने साफ लहजे में यह भी बताया कि उनके बाईं ओर मात्र 9 से 12 किमी की दूरी पर एक नीले-सफेद रंग का विशाल बोइंग 747 (एयरफोर्स वन) मौजूद है।

# शहरी सेवा शिविर में दूसरे दिन भी हुए लोगों के काम

द डेस्प्रिग

**सुजानगढ़।** शहरी सेवा शिविर 2025 के अन्तर्गत गुरुवार को नगर परिषद के वी.सी. कक्ष में वार्ड नं. 13 व 14 का शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ द्वारा फायर एन.ओ.सी. 01, तामीर स्वीकृति 01, यू.डी. टैक्स के आवेदन 02, 38 जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र जारी, 21 जन आधार स्वीकृत, प्रधानमंत्री आवास योजना के 04 फार्म सत्यापित, 17 राशन कार्ड सीडिंग का कार्य मौके पर किया गया है। इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल पाईप लाईन के 03 लीकेज के आवेदन प्राप्त हुए जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। उर्जा विभाग को विद्युत सप्लाई में व्यवधान के 03 प्रकरण, त्रूटिपूर्ण मीटर संबंधी समस्या 01 प्रकरण, बिजली के ढीले तार 02 प्रकरण, अन्य समस्याऐं 04 प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण कर दिया गया। महिला बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत 02 प्रकरण, पोषण ट्रेकर पर एफ.आर.एस. एवं के.वाई.सी के 06 प्रकरणों का मौके पर समाधान कर दिया गया एवं विभागीय



योजनाओं की जानकारी से 129 व्यक्तियों को अवगत करवाया गया। उक्त शिविर में पूर्व खनिज मंत्री खेमाराम मेघवाल, सभापति निलोफर गौरी, भाजपा प्रतिनिधि नरेन्द्र गुर्जर, मनीष दाधीच, उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणियां, पार्षद बाबूलाल कुलदीप, पुरूषोतम शर्मा, रेवन्तमल पंवार व पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी, रविन्द्र पाण्डे ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर शिविर प्रभारी उदय सिंह सहायक नगर नियोजक, सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, सहायक अभियंता सुश्री चारवी, सह प्रभारी लोकेश जांगीड़ वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार, सहायक अग्निशमन अधिकारी रूप सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर किया हवन, मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

द डेस्प्रिग

**सितारगंज ।** नैनबाग भाजपा मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर भाजपाइयों ने शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। पीएम मोदी की दीर्घायु के लिए पंडित गुरुप्रसाद और भाजपा नेताओं ने हवन अनुष्ठान किया। साथ मिष्ठान और फल वितरित किए जिला पंचायत सदस्य बिष्टेंसी रामदयाल शाह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत की छवि दमदार हुई है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सपना साकार होता दिख रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में भारत ने तेजी से तरक्की की है भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश पंवार और उपाध्यक्ष राहुल पंवार ने कहा कि पीएम मोदी



द्वारा लगातार देशहित में कड़े फैसलें लिए जा रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने अनेकों मुकाम हासिल किये। लगातार देश के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व में एक अनोखी और अलग पहचान बनी है। पीएम नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और संकल्पित सोच के चलते भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उबरा है। इस अवसर पर प्रधान पाब सुरेश कैंतुरा, पूर्व प्रधान सोबत सिंह कैंतुरा, धीरेन्द्र पंवार, सरदार रावत, रणवीर रावत, धनवीर रावत, विनीत कैंतुरा, राजेश कैंतुरा, रेशा नौटियाल, सविता रमोला, जसपाल सजवाण, सुभाष, नवीन असवाल, सरदार रावत, रघुवीर सजवाण, विक्रम चौहान, अर्जुन रावत, धीरेन्द्र कंडारी, अनिल बिजल्वाण, मनोज बोनियाल उपस्थित

# रांकावत समाज का शपथ ग्रहण समारोह आज रानी में आयोजित

द डेस्प्रिग

**रानी / नगराज वैष्णव ।** रांकावत समाज का रंकण भवन समाज संस्था रानी का आज शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय रंकण भवन रानी में संस्था के मुख्य संरक्षक ओम प्रकाश शर्मा पाली,संघवी बाबू लाल शर्मा तखतगढ़,बाबू लाल नानेचा रानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।समाज के राष्ट्रीय प्रचारक विजय वैष्णव ने बताया कि चुनाव अधिकारी कन्हैया लाल राजकोट,लहरी दास पाली ने नव निर्वाचित अध्यक्ष राम चंद्र रामीणा एवम उनकी नवगठित कार्यकारिणी को पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलाई।संभागीय अध्यक्ष खीम दास उदेशा एवम संस्था के संयोजक भंवर दास सादड़ी ने अध्यक्ष



रामीणा द्वारा संस्था की वेबसाईड बनाई उसका विमोचन किया गया जिसमें समाज की जानकारी वेबसाइड से मिल सके। आयोजन में लूणी पट्टी अध्यक्ष शिव दास चंदलाई,बिरामी संस्था अध्यक्ष फुटर दास सादड़ी,पाली अध्यक्ष हरी ओम शास्त्री, बम्बई अध्यक्ष मुकेश कुर्ला,अरावली अध्यक्ष हस्ती मल सादड़ी के अलावा मनोहर दास अहमदाबाद, डाया लाल बंबई,अशोक मनावत,तुलसी दास रानी,पुष्कर दास रानी,विजय वैष्णव,सिद्धार्थ,मुकेश गोयल,रमेश मनावत,दीपक गोयल,किशोर सुमेरपुर,के अलावा सैकड़ों समाज बंधु मौजूद रहे।आयोजन में मंच संचालन निर्मल टांक द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष द्वारा सभी आगंतुक मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

# संभागीय आयुक्त ने ग्राम पंचायत खेड़ाबागुड़िया में ग्रामीण सेवा शिविर का किया निरीक्षण

## आमजन की परिवेदनाएं सुनते हुए अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

द डेस्प्रिग

**श्रीराम भादू/फलोदी ।** संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह ने गुरुवार को ग्राम पंचायत खेड़ाबागुड़िया में ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांची। उन्होंने सभी सेवा डेस्कों पर जाकर उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की प्रगति, लाभार्थियों की संख्या की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिविर में आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा बस स्टॉप के निवेदन पर जैसलमेर रोडवेज डिपो प्रबंधक और जयपुर महाप्रबंधक से संवाद कर बस ठहराव के लिए तत्काल आदेश जारी करवाए। जिससे ग्रामीणों को निजी बसों पर निर्भरता से राहत मिली। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा वर्षों से लंबित 8 म्यूटेशन नामांतरण प्रकरण मौके पर ही निस्तारित कर जमाबंदी में नाम दर्ज कर अद्यतन जमाबंदी प्रतिलिपियाँ ग्रामीणों को वितरित कीं गईं। संभागीय आयुक्त ने ग्राम पंचायत में एक पेड़ मां के नाम लगाते हुए



हरियालो राजस्थान का संदेश दिया। शिविर में उपखंड अधिकारी भंवर लाल विश्नोई, विकास अधिकारी ईश्वरसिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

द डेस्प्रिग

**सितारगंज।** नगर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पीड़ित ने बताया कि 13 सितंबर को विवेक राजपूत निवासी वार्ड नंबर छह उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। एसएसआई विक्रम सिंह धामी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## सितारगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी की फिराक में घूम रहा युवक नाजायज चाकू संग गिरफ्तार

द डेस्प्रिग

**सितारगंज / (दीपक भारद्वाज) ।** कोतवाली सितारगंज क्षेत्र में चौकी सरकड़ा पुलिस ने देर रात गश्त के दौरान निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास संदिग्ध हालात में खड़े एक युवक को पकड़ लिया, जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस ने उसकी पैंट की जेब से एक नाजायज चमकदार चाकू बरामद किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोहेल खान (23 वर्ष) पुत्र नवाब हुसैन निवासी ग्राम बघौरी थाना सितारगंज के रूप में हुई। आरोपी ने पूछताछ में कबूल किया कि वह नशे का आदी है और पैसों के लिए छोटी-मोटी चोरियां करता है तथा पकड़े जाने पर लोगों को डराने के लिए यह चाकू साथ रखता है। आरोपी पर धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया तथा बरामद चाकू को सील कर कब्जे में लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस आरोपी को आवश्यक कार्यवाही हेतु थाने ले गई।

## पेंशन बनी ग्यासीलाल के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का आधार

### ग्रामीण सेवा शिविर में मिला वृद्धावस्था पेंशन का लाभ

धौलपुर विजय श्रीवास्तवद द डेस्प्रिंग

न्यूज ग्यासीलाल, उम्र 60 वर्ष, कई महीनों से अपनी वृद्धावस्था पेंशन के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे। जानकारी के अभाव और सही मार्गदर्शन न मिलने के कारण वे निराश और परेशान थे। इसी बीच राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर 2025 का आयोजन ग्राम पंचायत खानपुरा में हुआ। शिविर में अधिकारियों ने ना केवल ग्यासीलाल को वृद्धावस्था पेंशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी बल्कि उनके सभी दस्तावेज पूरे कराकर तुरंत प्रक्रिया भी पूर्ण करवाई। ग्यासीलाल की पेंशन स्वीकृत हो गई और उन्हें पहली बार पीपीओ नम्बर प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि से वे अत्यंत प्रसन्न है और राजस्थान सरकार के इस जनोन्मुखी अभियान के लिए आभार व्यक्त करते है। यह सफलता की कहानी केवल ग्यासीलाल की नहीं है, बल्कि यह डांग जैसे दूरस्थ क्षेत्र के उन सभी ग्रामीणों के लिए एक आशा की किरण है, जो योजनाओं की जानकारी के अभाव में लाभ से वंचित रह जाते है। अब लोग सरकार के इस अनूठे प्रयास को सराहते हुए आभार जता रहे है।

# राशन घोटाला वार्ड 5 का राशन रुका, 6 से 57 कट्टे गेहूं गायब

## सभासद की सूचना पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने एसडीएम को दिए निर्देश

द डेस्प्रिग

**सितारगंज / दीपक भारद्वाज ।** नगर के वार्ड नंबर 5 और 6 में इस माह के राशन वितरण में अनियमितताएँ सामने आई हैं। सभासद रवि रस्तोगी ने खुद के अनुसार इस माह उनके वार्ड नंबर 5 का कोटाधारक अब तक राशन उठा ही नहीं पाया है। क्योंकि विभाग की ओर से गेहूं उपलब्ध नहीं कराया गया। आरोप लगाया कि वहीं वार्ड नंबर 6 का कोटाधारक पूरा राशन उठा चुका है, लेकिन उसमें से 57 कट्टे गेहूं कम दिए गए। उन्होंने मामले की लिखित शिकायत एसएमओ कर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को अवगत कराया हैं। बृहस्पतिवार को सभासद रवि रस्तोगी वरिष्ठ विपणन विभाग पहुंचे। उन्होंने मामले की पोल खोलते हुए कहा कि हर माह 2 से 3 तारीख तक राशन का वितरण हो



जाना चाहिए। लेकिन 18 तारीख हो चुकी है और जनता राशन से वंचित है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ÷ऊपर से पूरा राशन आ रहा है। लेकिन एसएमआई ऑफिस में ही खेल हो रहा है। आरोप लगाया कि लंबे समय से पीडीएस गोदाम में करीब 65 क्विंटल गेहूं का घपला चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ÷यह खेल मुझे हाल ही में जानकारी होने पर पता चला है। लेकिन हकीकत यह है कि यह गड़बड़ी बहुत लंबे समय से चल रही है। इस घपले में एसएमआई ऑफिस का एक कर्मचारी भी लिप्त बताया जा रहा है। सवाल यह है कि अब तक खातों का मिलान क्यों नहीं किया गया। जब ऊपर से पूरा राशन आता है तो कोटाधारकों को पूरा राशन क्यों नहीं मिल पा रहा है? सभासद ने इस पूरे मामले से क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को अवगत कराया। मंत्री ने मामले को गंभीर मानते हुए तुरंत एसडीएम को गोदाम का निरीक्षण करने के निर्देश जारी किए। सभासद रवि रस्तोगी ने चेतावनी दी है कि यदि एक-दो दिन में वार्ड नंबर 5 और 6 के कोटों पर पूरा राशन नहीं पहुँचाया गया तो वे नगर की जनता के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के पेट पर डाका डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। राशन वितरण में हुई इस गड़बड़ी और घपले से नगरवासियों में गहरी नाराज़गी है और लोग अब खुलकर सवाल पूछ रहे हैं ÷जनता का हकदार गेहूं आखिर जा कहाँ रहा है।

एसएमओ ऑफिस से मामले की जानकारी ली हैं। तब डीएसओ को अवगत कराया गया हैं।

**केके बिष्ट, पूर्ति निरीक्षक सितारगंज**

समस्या पूर्व से बनी हुई है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया हैं। गेहूं की कमी हैं। आरएफसी से पत्राचार किया गया हैं।

**विनय चौधरी, नव नियुक्त एसएमओ सितारगंज**

उपभोक्ताओं के लिए इस माह सितंबर का वार्ड में सरकारी अनाज अभी तक नहीं दिया गया हैं। उपभोक्ता परेशान हैं। जानकारी लेने पर पता चला कि विभाग के पास गेहूं नहीं हैं। गोदाम में शॉर्टेज हैं। वार्ड छह में आधा ही राशन दिया गया हैं। उपभोक्ताओं के साथ किसी भी तरह की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी।

**रवि रस्तोगी, भाजपा सभासद**

## धौलपुर में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के बीच दर्दनाक हादसा, डर से कमरे में बंद व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

न्यूज़ जिले के कौलारी थाना क्षेत्र के परौआ गांव में आबकारी विभाग के दस्ते की ओर से देर शाम अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही की गई। इस दौरान एक व्यक्ति ने पहले आवकारी पुलिस के सामने हो हल्ला मचा कर गांव वालो को इक्कठा कर लिया। जब पुलिस ने कार्यवाही शुरू की तो आरोपी ने अपने आप को कमरे के अंदर बंद कर फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली. मृतक की पहचान राजेंद्र कुशवाह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, आबकारी दस्ते को बुधवार शाम को कौलारी थाना क्षेत्र के गांव परौआ में अवैध शराब की बिक्री की सूचना मिली थी। इस पर आबकारी पुलिस ने देर शाम कार्रवाई की.वहीं, कार्रवाई के दौरान अवैध शराब भी बरामद की गई है। वही दिन में इस सारे मामले में मृतक के परिजन आवकारी विभाग के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर अड़े हुए रहे। जिस पर पुलिस अधीक्षक विकास सागवान से मृतकों के परिवारजनों की मुलाकात के बाद पोस्टमार्टम कराने पर सहमति बनी हैं। और पोस्टमार्टम के लिए मृतक राजेन्द्र कुशवाह का शव को राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। मेरा जिला मेरी खबर

# 49 सुविधाओं का लाभ संभागीय आयुक्त ने शिविरों का कर आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों में एक ही छत के नीचे मिल रहा है

धौलपुर, विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

**धौलपुर ।** संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत पिपहेरा में ग्रामीणों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ देने और उनके शिकायत समाधान के लिए सेवा शिविर लगाए जा रहे हैं। ग्रामीण सेवा शिविर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिक-से-अधिक ग्रामीणों से इन शिविरों में भागीदारी करने का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने कहा कि इन शिविरों में स्वास्थ्य जांच और दवाई, पोषण, फसल-बीज किट वितरण, बीमा और पशुओं से जुड़ी योजनाओं के लाभ, राजस्व तथा बिजली विभाग के आवेदन आदि सभी काम सम्पन्न होंगे। छोटी-छोटी शिकायतों और समाधान के लिए आपको जिला



मुख्यालय नहीं जाना पड़े, इसके लिए ये शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, ऐसे में सभी को बाकी काम छोड़कर यहाँ आकार इनका फायदा उठाना चाहिए। पिपहेरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान संभागीय आयुक्त ने लाभार्थियों को आवासीय भूमि पट्टे, प्रतिकात्मक रूप से निक्षय पोषण किट, प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसी वितरित की। इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल पर पौधारोपण भी किया। निरीक्षण की श्रृंखला में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने भी पुरानी छावनी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिविरों निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि वे आमजन से संवाद कर समस्याओं के समाधान का प्रयास करें। इससे शिविरों के उद्देश्य को प्राप्त करने में सफलता मिलेगी। उन्होंने शिविर में एक वृद्ध महिला की बात सुनकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनकी मांग को कागज पर लिखकर उनकी सहमति लें और त्वरित समाधान करें। शहरी क्षेत्रों में फोकस पट्टा वितरण पर- उन्होंने सैपऊ नगर पालिका क्षेत्र में अम्बेडकर भवन पंचायत समिति परिसर में शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि शहरी क्षेत्र में आमजन की बुनियादी समस्याएं हैं। दैनिक दिनचर्या की जिंदगी में साफ-सफाई से लेकर राशन, पानी-विद्युत की आपूर्ति सभी प्रकार की समस्याओं के एक ही मंच पर समाधान के लिए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश में शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ किया गया है।

## 9 रोगियों को वितरित की निक्षय पोषण किट-शिविर में

संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से टीबी मरीजों को निक्षय किट उपलब्ध कराने एवं उपचार के फॉलोअप करने के निर्देश दिए, ताकि टीबी रोगियों को पूर्ण स्वस्थ किया जा सके। इस दौरान उन्होंने 9 टीबी रोगियों को निक्षय किट प्रदान की। उन्होंने रोगी को नियमित उपचार कराने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आशा कार्यकताओं द्वारा दी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में उनसे जानकारी ली। इस दौरान उपखंड अधिकारी सैपऊ कर्मवीर सिंह, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीना, विकास अधिकारी रामबोल सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## चित्तौड़गढ़ में पथ संचलन - श्रीया सेवा संस्थान ने किया स्वागत



द डेस्प्रिग

**चित्तौड़गढ़ / गौरव कुमार मेडतवाल ।** चित्तौड़गढ़ में आज अनुशासन और देशभक्ति से ओतप्रोत पथ संचलन का आयोजन हुआ। स्वयंसेवकों ने सफेद शर्ट और भूरे पैंट की वेशभूषा में कदमताल करते हुए नगर की मुख्य सड़कों पर भव्य शोभा बढ़ाई। बैंड की धुनों और संगठित पंक्तियों ने वातावरण को ऊर्जावान बना दिया।

इस अवसर पर श्रीया सेवा संस्थान द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का हार्दिक स्वागत किया गया। नगरवासियों ने भी जगह-जगह पुष्पवृष्टि और तालियों से संचलन का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन की सुदृढ़ व्यवस्था रही तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## शक्तिफार्म में पुलिस ने दबोचा शराब तस्कर, 34 पाउच कुल 17 लीटर कच्ची शराब बरामद

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज / (दीपक भारद्वाज) ।** पुलिस ने शक्तिफार्म क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बीती रात करीब साढ़े ग्यारह बजे चौकी प्रभारी व पुलिस टीम गश्त के दौरान सब्जी बाजार दुर्गा मंदिर मैदान के पास पहुँची, जहां एक व्यक्ति सफेद रंग का प्लास्टिक का कट्टा लेकर संदिग्ध अवस्था में बैठा मिला। तलाशी लेने पर कट्टे से 34 पाउच करीब 17 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान मधु हीरा (55 वर्ष) पुत्र करुणा कान्त हीरा निवासी जैलकैम्प शक्तिफार्म के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी ने स्वीकार किया कि वह परालाइसिस के कारण काम करने में असमर्थ है और अवैध कच्ची शराब बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता है। पुलिस ने मौके पर ही तीन पाउचों का नमूना तैयार कर शेष शराब को सील कर बरामदगी फर्द तैयार की।

# किरण स्कूल गोविंदपुरा बनी वूशु में चैम्पियन

द डेस्प्रिंग

कालवाड़ रोड़ गोविंदपुरा स्थित किरण बाल भारती सी सै स्कूल के खिलाड़ी बने वूशु में चैम्पियन।संस्था प्रबंध निदेशक डॉ कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने बताया कि किरण वूशु एकेडमी के खिलाड़ियों ने 69 वीं जिला स्तरीय वूशु खेलकूद प्रतियोगिता में 17 वर्ष छात्रा वर्ग चैम्पियन रही तथा 19 वर्ष छात्र वर्ग उपविजेता रही । किरण स्कूल के खिलाड़ियों को 6 गोल्ड ,8 रजत,8 कांस्य पदक मिले । जिसमें सौम्या चौधरी ,




समीक्षा चौधरी, सुमित, नितेश चौधरी, कार्तिक कुमार, गोविन्द उपाध्याय ने स्वर्ण पदक जीता। सतवीर चौधरी, अजयपाल, चरणजीत , उदय, मंडरवाल, जाहिद खान , शिवम् को रजत पदक मिला। तथा भव्य, सोनाक्षी, पूनम, कार्तिक, मंजीत, अभिनव ने कांस्य पदक जीता। वूशु में चैम्पियन रहने पर सभी खिलाड़ियों, कोच हीरालाल टोड़ावत, जगदीश बाना का विद्यालय में साफा पहनाकर स्वागत किया गया। संस्था चेयरमैन रामसिंह बेनीवाल, प्रधानाचार्य डॉ सरिता बेनीवाल ने सभी खिलाड़ियों व कोच को बधाई दी।

## देवसेना की रूपबास ब्लॉक कार्यकारिणी का किया गठन

द डेस्प्रिंग

**रुदावल /रामकुमार उपाध्याय।** गुर्जर समाज के अग्रणी संगठन देवसेना के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर एवं जिलाध्यक्ष लोकेन्द्रसिंह खरैरा के निर्देश पर ब्लॉक अध्यक्ष श्यामसिंह गुर्जर उर्फ पिंकी पहलवान ने रूपबास ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया है द्ब कार्यकारिणी में योगेन्द्र सिंह फौजी को उपाध्यक्ष, हंसराम गुर्जर महासचिव, देवीसिंह नगलातुला वरिष्ठ महामन्त्री, अर्जुन पहलवान महामन्त्री, हरेंद्रसिंह रसीलपुर सचिव, पुष्पेंद्र बैंसला एवं लोकेन्द्र पहलवान को संगठन मंत्री, राजेश रसीलपुर एवं राकेश बोसोली को प्रचार मंत्री, पप्पू बैसला, कैलासी, नरेंद्र, वीरेंद्र, राधेश्याम, रम्मा, लक्ष्मण, बन्नो, हाकिम, धीरज, भोजपाल, विशाल, ओमवीर, सुरेंद्र, बच्चू, निरपत, सतीश, विक्रम, भावडा, राजेश, योगेश, जयसिंह, हंसराम, पप्पू, नत्थन पहलवान को कार्यकारिणी में सदस्य नियुक्त किया है।

## गौ सेवको व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही बड़ौदामेव थाना पुलिस ने पांच गोवंश कराया मुक्त,पिकअप जप्त



द डेस्प्रिंग

**रामगढ़ अलवर अमित भारद्वाज ।** बड़ौदामेव में गोरक्षकों के द्वारा पीछा करता देख गौतस्करों ने कॉलानी में घुसाया वाहन,भीड़ को देख गौवंशो से भरी पिकअप छोड़कर गोतस्कर फरार

**जानकारी के अनुसार बड़ौदामेव थाना पुलिस ने गोरक्षकों के सहयोग** से एक पिकअप को पकड़ कर पांच गोवंशों को मुक्त करवाया है। गुरुवार की अल सुबह करीब 2 बजे गौरक्षको को सूचना मिली की एक पिकअप में गोवंशों को भरकर गौकशी के लिये ले जाया जा रहा है। इस बीच गोरक्षकों को एक संदिग्ध पिकअप आती दिखाई थी। जिस पर गोरक्षकों ने पिकअप का पीछा करना शुरु किया तो गौतस्करों ने पिकअप को कस्बे के मीना जोगी मोहल्ला में घुसा दिया।और एक जगह आगे रास्ता बंद होने के कारण व विद्युत सप्लाई नही आने के कारण घरों के बाजार बैठे लोगों को देख गोतस्कर पिकअप को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये।इस बीच लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और पिकअप की तलाशी ली तो पिकअप में 3 गाय व 2 सांड ठूस ठूस कर भरे हुए मिले। जिस पर पुलिस ने गोवंशों को बगड़ तिराया स्थित सुधा सागर गौशाला में दाखिल करवाया।इधर पुलिस ने अज्ञात गौतस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामलें की जांच प्रारम्भ कर दी ।

## गौ पूजा, दशहरा पर्व के दौरान शांति भंग करने वालों पर पुलिस शक्ति से निपटेगी

द डेस्प्रिंग

**अमित कुमार ।** पूजा मंडप स्थल पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध हो अग्नि शमन के नियमो का पालन सुनिश्चित करें सोनभद्र थाना शक्तिनगर परिक्षेत्र में आगामी होने दशहरा, दीपावली छठ पूजा पर्व के दृष्टिगत थाना परिसर में अमित कुमार सीओ पिपरी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को पीस कमेटी सम्पन्न हुआ जिसमें पूजा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया द्य पीस कमेटी बैठक को सम्बोधित करते हुए अमित कुमार सी ओ पिपरी ने क्षेत्र की दुर्गा पूजा कमेटियों के पदाधिकारी से पूजा स्थल की जानकारी लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया तथा उन्होंने पूजा पंडाल मे आगजनी से बचाव के लिए कमेटी के लोगो को जागरूक किया उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान अग्नि शमन का पुख्ता प्रबंध बचाव के सभी यंत्र मौजूद रहे जिससे कोई अप्रिय घटना न घटने पाएं और समय से बचाव किया जा सके द्य पूजा के दौरान अराजकता फैलाने वालो पर पुलिस की बराबर नजर रहेगी इसके लिए पूजा कमेटी भी सीसीटीवी लगवाकर रखे ताकि हर गतिविधि पर नज़र रखा जा सके द्य पूजा स्थल पर पार्किंग की व्यवथा होनी चाहिए,सीओ अमित कुमार ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे को मजबूत बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की,सुरक्षा को लेकर सभी को सजग रहने पर बल दिया संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पूजा समितियों, धर्मगुरुओं और सामाजिक कार्यक्ताओं से सहयोग की अपील की द्य इस अवसर पर रविन्द्र यादव पूर्व ग्राम प्रधान चिल्काडांड,रामकुमार गुप्ता ग्राम प्रधान मिसरा, विजय गुप्ता, लालाबाबू गुप्ता ग्राम प्रधान खड़िया, जोगेंद्र भारती चंदूआर ग्राम प्रधान, ओम नारायन घरसडी ग्राम प्रधान, मुकेश सिंह, चंद्रदीप यादव व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे है

## शहरी सेवा शिविर में दूसरे दिन भी हुए लोगों के काम



द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** शहरी सेवा शिविर 2025 के अन्तर्गत गुरुवार को नगर परिषद के वी.सी. कक्ष में वार्ड नं. 13 व 14 का शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ द्वारा फायर एन.ओ.सी. 01, तामीर स्वीकृति 01, यू.डी. टैक्स के आवेदन 02, 38 जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र जारी, 21 जन आधार स्वीकृत, प्रधानमंत्री आवास योजना के 04 फार्म सत्यापित, 17 राशन कार्ड सीडिंग का कार्य मौके पर किया गया है। इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल पाईप लाईन के 03 लीकेज के आवेदन प्राप्त हुए जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। उर्जा विभाग को विद्युत सप्लाई में व्यवधान के 03 प्रकरण, त्रूटिपूर्ण मीटर संबंधी समस्या 01 प्रकरण, बिजली के ढीले तार 02 प्रकरण, अन्य समस्याऐं 04 प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण कर दिया गया। महिला बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत 02 प्रकरण, पोषण ट्रेकर पर एफ.आर.एस. एवं के.वाई.सी के 06 प्रकरणों का मौके पर समाधान कर दिया गया एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी से 129 व्यक्तियों को अवगत करवाया गया। उक्त शिविर में पूर्व खनिज मंत्री खेमाराम मेघवाल, सभापति निलोफर गौरी, भाजपा प्रतिनिधि नरेन्द्र गुर्जर, मनीष दाधीच, उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणियां, पार्षद बाबूलाल कुलदीप, पुरूषोतम शर्मा, रेवन्तमल पंवार व पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी, रविन्द्र पाण्डे ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर शिविर प्रभारी उदय सिंह सहायक नगर नियोजक, सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, सहायक अभियंता सुश्री चारवी, सह प्रभारी लोकेश जांगीड़ वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार, सहायक अग्निशमन अधिकारी रूप सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कामधेनु पेंट्स का पेंटर मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

## लगातार 15वें वर्ष दीपावली के मध्येनजर क्षेत्रीय पेंटर्स को मिला सम्मान और नई तकनीक की सौगात।

द डेस्प्रिंग

**मंडावर/मनोज खंडेलवाल ।** दीपावली पर्व पर बुधवार को मंडावर शहर में सुप्रसिद्ध रंग ब्रांड कामधेनु पेंट्स की ओर से वार्षिक पेंटर मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। तहसील क्षेत्र के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर राजेश ट्रेडर्स पर आयोजित इस समारोह में क्षेत्र के प्रमुख पेंटर्स और विक्रेताओं ने बड़ी संख्या में शिरकत की। दीपावली के इस विशेष अवसर पर पूरे आयोजन में उल्लास और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। समारोह का शुभारंभ कंपनी के रीजनल मैनेजर अजय शर्मा और उनकी टीम ने दीप प्रज्वलन कर किया। अजय शर्मा ने जानकारी दी कि कामधेनु पेंट्स पिछले 15 वर्षों से





दीपावली के अवसर पर लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पेंटरों को सम्मानित करना, उनके अनुभव और सुझावों को सुनना तथा उन्हें कंपनी के नवीनतम उत्पादों और तकनीकों की जानकारी देना है। दीपावली के उपलक्ष्य में उपहार देकर पेंटरों और कंपनी के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना भी इस परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में कंपनी की टीम ने पेंट उद्योग में आ रहे बदलावों और आधुनिक तकनीकी विकास पर विस्तार से जानकारी दी। पेंट्स की नई रेंज, प्राइमर की विशेषताएं और आधुनिक डिजाइनों के साथ पेंटिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली उन्नत मशीनों और उपकरणों के प्रयोग के बारे में पेंटरों को प्रशिक्षण दिया गया। कंपनी प्रतिनिधियों का कहना था कि गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और आधुनिक तकनीक ही ग्राहक संतुष्टि की आधारशिला है, और इसी दृष्टिकोण के साथ कामधेनु पेंट्स लगातार नवाचार कर रहा है। डिस्ट्रीब्यूटर राजेश बडाया ने कहा कि यह कार्यक्रम कंपनी और पेंटरों के बीच गहरे जुड़ाव का प्रतीक है। दीपावली पर होने वाले इस आयोजन का क्षेत्र के पेंटर्स और विक्रेताओं को पूरे वर्ष इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पेंटरों को न सिर्फ नई जानकारी और तकनीक से अवगत कराते हैं, बल्कि ग्राहकों तक बेहतर उत्पाद और सेवा पहुँचाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। समारोह में क्षेत्र के प्रमुख पेंटरों में जगदीश, रामेश्वर बलाई, नेतराम मीना, खुशीराम मीना, छोटेलाल सैनी, मुरारी मीना, इन्द्र सैनी, मुकेश सैनी, अंतराम सहित बड़ी संख्या में पेंटर और विक्रेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर कंपनी की ओर से सभी पेंटरों को दीपावली उपहार देकर सम्मानित किया गया और सभी ने एक साथ सहभोज का आनंद लिया, जिससे सौहार्द और भाईचारे का अद्भुत संदेश प्रसारित हुआ।इस अवसर पर कामधेनु पेंट्स की टीम ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी कंपनी अपने गुणवत्तापूर्ण उत्पादों, नवीनतम तकनीक और नियमित प्रशिक्षण के माध्यम से पेंटरों और ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध कराती रहेगी। दीपावली की खुशियों के बीच पेंटरों ने कंपनी की इस परंपरा की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नरेंद्र मोदी विचार मंच कार्यकताओं ने वृद्धाश्रम में किए फल एवं अन्य सामग्री वितरण

द डेस्प्रिंग

**धौलपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े के तहत नरेन्द्र मोदी विचार मंच जिला महिला शाखा जिला अध्यक्ष शशि त्यागी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर महिला शाखा पदाधिकारियो ने हाउसिंग बोर्ड स्थिति वृद्धाश्राम में फल वितरण, वस्त्र,एवं भोजन कराया अन्य सामग्री वितरण कर बुजुर्गो का सम्मान करते हुए वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया।

**नरेंद्र मोदी विचार मंच जिला अध्यक्ष महिला** शाखा शशि त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बन रहा है और देश में स्वदेशी वस्तुओं का निर्माण कर कुटीर















उद्योगों के माध्यम से बेरोजगारों को स्वरोजगार प्रदान किया जा रहा है। जिससे बेरोजगारी को समूल खत्म किया जा सके। कार्यक्रम में जिला महासचिव नेहा राघव, उमा सिंह, ज्योति शुक्ला, नीमा श्रीवास्तव, मीना सिंह,सहित सभी नरेंद्र मोदी विचार मंच पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 15 साल की फरारी का अंत दौसा पुलिस का बड़ा खुलासा

## 33 हजार लोगों से 22 करोड़ की ठगी करने वाले इनामी पति-पत्नी गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग

**दौसा / मनोज खंडेलवाल ।** जिले की साइबर सेल और कोतवाली पुलिस ने 15 साल से फरार 20 हजार रुपये के इनामी दंपती को धर दबोचा, जिसने पूरे देशभर में 33 हजार लोगों को करोड़पति बनाने का सपना दिखाकर 22 करोड़ रुपये की ठगी की थी। गिरफ्तार आरोपी झुंझुनू जिले के श्रीराम सैनी और उसकी पत्नी नीना देवी हैं, जो अपनी असली पहचान छुपाकर दिल्ली और हरियाणा में रह रहे थे। दोनों इतने लंबे समय से फरार थे कि इलाके में लोग इन्हें भूतिया नाम से पहचानने लगे थे।

वर्ष 2010 में श्रीराम और नीना देवी ने अपने साथियों राकेश कुमार गुप्ता, मनीष खिंची, सूरज शर्मा और भवानी सिंह कुमावत के साथ मिलकर रिलायबल एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और रिलायबल रियल हाउस



प्राइवेट लिमिटेड नाम से दो कंपनियां शुरू कीं। इन कंपनियों के जरिए करोड़पति बनाने का लालच देकर आमजन को ठगना शुरू किया गया। लोगों को कहा गया कि कंपनी में निवेश करने पर न केवल मोटा कमीशन मिलेगा, बल्कि नॉन-वर्किंग कार, मोटरसाइकिल और महंगे गिफ्ट भी दिए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर आकाश पुरम ष्ट॥ष्ट पे हुआ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार शिविर का आयोजन

द डेस्प्रिंग

**ब्यूरो बरेली/ मोहन सक्सेना ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत, बरेली के आकाश पुरम वार्ड 43 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ शिविर का आयोजन हुआ । शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने किया। पूर्वी मंडल अध्यक्ष जयदीप चौधरी, पार्षद पूनम राठौर व मंडल मंत्री गीता दोहरे ने पुष्प गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि अशोक कटारिया , महापौर उमेश गौतम व महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना का अभिनन्दन किया। आयोजित इस कार्यक्रम में एम ओ आई सी डॉ. श्वेता भारद्वाज ने बताया स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत



17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जाँच और स्वास्थ्य सेवाएं ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दंत जाँच,कैंसर जाँच - मुख / स्तन / ग्रीवा,गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व जाँच,टीकाकरण सेवाएँ / एनीमिया का स्तर,देलीमानस सुविधाएँ / टीबी जांच,सिकल सेल आदि जांच व इलाज निःशुल्क किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महापौर डॉ उमेश गौतम व भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने अपने संबोधन में भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा गरीबों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं पर प्रकाश डाला। पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने अपने संबोधन में भाजपा द्वारा किए विभिन्न क्षेत्र में किए गए कार्यों की उपलब्धि बताई और इस विशाल शिविर को सफल बनाने के लिए डॉ श्वेता भारद्वाज के कार्यों की सराहना करते हुए क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की के ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाए । कार्यक्रम





का संचालन डॉक्टर अंशिका वर्मा ने किया। शिविर में डॉ श्वेता भरद्वाज के साथ जगतपुर सी एच सी , एम ओ अस्मिता,एच एस जकिया खातून,मनुज सक्सेना फार्मासिस्ट युनूस, मो0 ताहिर, ए एन एम पिंकी, प्रीति,शिखा , संगीता, ममता कुमारी,प्रियंका कॉम्बोज,सचिन,शांति,मुदित शंखधार, शलभ सक्सेना, अरविंद भरद्वाज, रामकिशोर यादव ने मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित की।कार्यक्रम में भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष जयदीप चौधरी, पूर्वी मंडल महामंत्री सचिन वर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा अग्निहोत्री, पूर्वी मंडल पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राजकिशोर डॉ विनोद पगरानी,पूर्वी मंडल मंत्री गीता दोहरे,पार्षद पूनम राठौर, पार्षद प्रतिनिधि चंद्रपाल राठौर, हरिओम कश्यप, पार्षद अजय रत्नाकर, छंगामल मौर्य, प्रियंका तिवारी,अंजू ,राम गोपाल दोहरे,, मोहित पांडे,डॉ. सुमित,अफरोज जहां, इफ़्तिख़ार खान,शारिक अब्बासी आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा ग्रामीण मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा

## महामंत्री पद पर महावीर शर्मा लेसरदा व संजय शर्मा भीया बने

द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन) ।** भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन प्रभारी युगल शर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा की सहमति से केशोरायपाटन ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र मीणा ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए मंडल प्रतिनिधि -भेरूलाल नागर जलोदा, उपाध्यक्ष पद पर रामस्वरूप सैनी गुडली, महावीर नागर जयस्थल, जमनालाल नागर रंगपुरिया, रामगोपाल गुर्जर दौताणा, जुझार सिंह सुनगर, श्रीमती निर्मला कंवर झुवासा, महामंत्री-महावीर शर्मा लेसरदा, संजय शर्मा भीमा, मंत्री-अर्जुन बेरवा इंद्रपुरिया, सोहन सिंह रंधावा माधोराजपुरा, श्रीमती गायत्री वैष्णव मायजा, श्रीमती चंद्रकला जांगिड़ जयस्थल, श्रीमती सविता क्षृगी लेसरदा, श्रीमती सीमा मीणा चितावा, कोषाध्यक्ष- मदन लाल मीणा चितावा, सहकोषाध्यक्ष राजकुमार जैन मायजा, प्रवक्ता बृजेश शर्मा मायजा, जितेंद्र मीणा ईश्वर नगर, मन की बात संयोजक- महेंद्र शर्मा चितावा, सोशल मीडिया प्रभारी -बृजेश बिहारी शर्मा मायजा, सोशल मीडिया सहप्रभारी-अंकित मालव गुडला, आईटी संयोजक- आषिश शर्मा लगी, आईटी सहसंयोजक-हेमराज मालव श्रीपुरा को बनाया गया

## आरपीएससी ने किया सहायक आचार्य गणित विषय का परिणाम घोषित

### वैद की ढाणी की निवासी तेजल कुमावत का हुआ चयन, परिवार व गांव में खुशी की लहर

द डेस्प्रिंग



**सीकर।** राजस्थान की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक सहायक आचार्य विषय गणित में ग्राम पंचायत वैद की ढाणी की निवासी तेजल कुमावत पत्नी महेश कुमावत का रैंक 41 पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। इस परिणाम पर गांव वेद की ढाणी से दांतारामगढ़ विधायक प्रत्याशी गजानंद कुमावत व अन्य गणमान्य नागरिक ने तेजल कुमावत को शुभकामनाएं प्रेषित की और बताया कि इस परिणाम से हमारे परिवार व गांव में खुशी की लहर है। उन्होंने गांव वेद की ढाणी का नाम पूरे जिले में रोशन किया है। गौरतलब है कि तेजल कुमावत वर्तमान में सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर जिला कोटा में अपनी राजकीय सेवा दे रहे है। उनके पति महेश कुमावत प्रगति प्रसार अधिकारी पंचायती राज विभाग झालावाड़ में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।


## मंडावर में अग्रसेन जयंती महोत्सव की भव्य तैयारी, तीन दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मचेगी धूम।

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल ।** महाराजा अग्रसेन की जयंती को लेकर मंडावर में इस बार विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। अग्रवाल सम्मेलन, युवा सम्मेलन और अग्रवाल महिला सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में 20 से 22 सितंबर तक तीन दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन होगा। नगर में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

**प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंदूकी ने बताया कि** 20 सितंबर शनिवार को व्यापार समिति धर्मशाला में अध्यक्ष महेशचंद्र गर्ग के ध्वजारोहण के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद युवा व महिला सम्मेलन की ओर से दिनभर आकर्षक और मनोरंजक प्रतियोगिताएं होंगी जिनमें टॉफी छांटना, एबीसीडी लिखना, स्ट्रा से माचिस की तीली उठाना, टिक-टैक पिन से मटर उठाना, गिलास में सिक्का डालना, अल्फाबेट से स्पेलिंग बनाना, गुब्बारा फुलाना और फोड़ना, म्यूजिकल चेयर, चूड़ी पर सिक्के जमाना तथा गुब्बारा उड़ाते हुए शर्ट के बटन लगाना जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताएं शामिल होंगी।

**शाम को भव्य सांस्कृतिक संध्या**



**होगी** जिसमें दीप प्रज्वलन, आरती, आकर्षक झांकियां, फैंसी ड्रेस, युगल नृत्य, सामूहिक नृत्य और भामाशाहों व विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्य मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन हेमराज जिंदल मुख्य अतिथि के रूप में, प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रोहित गर्ग, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन रामनिवास गोयल और पंचायत समिति सदस्य श्रीमती पूजा गोयल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**महोत्सव के दूसरे दिन 21 सितंबर रविवार को प्रातः 7 बजे अग्र मैराथन दौड़ का आयोजन होगा।** दोपहर में महिला मिलन समारोह और शाम 7 बजे युवा मिलन समारोह होगा जिसमें समाज की नई पीढ़ी को एकजुट करने और समाज सेवा की दिशा में जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। अंतिम दिन 22 सितंबर सोमवार को प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद अग्रवाल भवन पर ध्वजारोहण, महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और हवन होगा। दिन में मोटरसाइकिल रैली और सामूहिक भोज का आयोजन होगा। शाम 4 बजे पुराने गढ़ी मोड़ से महाराजा अग्रसेन की भव्य झांकी व शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी जो श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेगी। महोत्सव को लेकर नगर में भारी उत्साह व्याप्त है। आयोजन समिति ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है और तीनों दिन नगर अग्रसेन महाराज के जयघोष से गूंजता रहेगा।

## जलदाय विभाग की भारी लापरवाही 4 साल से सरकारी नलकूप सविन्दा कर्मचारी को नहीं मिल रहा वेतन

### प्तदेवराज हूआ पैसे पैसे का मोहताज आखीर जिम्मेदार कोन

द डेस्प्रिंग



**फलोदी /श्रीराम भादू ।** फलोदी जिले के घण्टियाली ग्राम पंचायत व पंचायत समिति घण्टियाली के सरकारी नलकूप पर संविदा कर्मचारी देवराज को 4 साल से नही मिल रहा वेतन 4 साल से ब्राहम्णो की ढाणी में सरकारी नलकूप पर संविदा कर्मचारी है देवराज पीएचडी फलोदी ग्राम पंचायत घण्टियाली इस संविदा कर्मचारी को पिछले 4 साल से परेशान कर रहे है, इन्होंने फलोदी विधायक पब्बाराम विशनोई व पीएचडी सहायक अभियंता ग्रामीण, श्वह, ङ्ग्ह सभी से सैकड़ों बार गुहार लगा चुका है पर कोई सुनवाई तक नही हूई न वेतन मिला मझेदार बात यह है की पीएचडी के सहायक अभियंता व ग्राम पंचायत इस संविदा कर्मचारी से पूछ रहा है यह नलकूप कब हुआ जब कि इस नलकूप का पीएचडी ने 23 लाख रु की लागत से पीएचडी ने ही बनाया है, इस नलकूप को लेकर सारे दस्तावेज पीड़ित संविदा कर्मचारी के पास मौजूद है संविदा कर्मचारी का कहना है कि अब पीएचडी व ग्राम पंचायत इस पूरे मामले से पल्ला झाड़ रहा है ।

## सम्पादकीय

### एक और दुष्प्रचार की हवा निकली, वक्फ संशोधन कानून पर भी विपक्ष के दावे औंधे मुंह गिरे




इसी वर्ष अप्रैल में जब वक्फ संशोधन विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित हुआ था तो विपक्ष ने इसे घोर असंवैधानिक और मनमाना करार दिया था। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे मुसलमानों की मस्जिदें-कब्रिस्तान छीनने वाला कानून बता दिया था-ठीक वैसे ही जैसे नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को मुसलमानों की नागरिकता छीनने वाला बताकर उन्हें सड़क पर उतारा गया था और जिसके नतीजे में कई जगह हिंसा हुई थी।


संसद से वक्फ संशोधन विधेयक के पारित होने के बाद जैसे ही उसने कानून का रूप लिया, वैसे ही सुप्रीम कोर्ट उसकी वैधानिकता का परीक्षण करने के लिए तैयार मिला, क्योंकि इस कानून को चुनौती देने के लिए कई याचिकाएं दाखिल कर दी गई थीं। अब ऐसा संसद से बने-संशोधित हुए करीब-करीब प्रत्येक बड़े कानून के साथ होने लगा है। सुप्रीम कोर्ट लोकसभा, राज्यसभा के बाद एक तरह से तीसरे सर्वोच्च सदन की तरह काम करने लगा है।

इधर संसद से पारित होकर कोई विधेयक कानून का रूप लेता है, उधर विपक्षी दलों के कुछ नेता और याचिकाबाज वकील सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे पर उसे चुनौती देने के लिए खड़े मिलते हैं। नि:संदेह सुप्रीम कोर्ट को प्रत्येक कानून की संवैधानिकता परखने का अधिकार है, लेकिन क्या अब हर कानून अमल में आने के पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचेगा?

तीन कृषि कानूनों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक कदम आगे बढ़कर इन कानूनों की संवैधानिकता पर विचार किए बिना ही उनके अमल पर रोक लगा दी थी। यह सुप्रीम कोर्ट की ओर से अपने अधिकारों का किया जाने वाला खुला-नग्न अतिक्रमण था। इन कानूनों के अमल पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनकी समीक्षा के लिए एक समिति गठित कर दी थी, लेकिन जब इस समिति ने अपनी रिपोर्ट दी तो उसने उसे देखने की भी जहमत नहीं उठाई।

वह कृषि कानून विरोधी आंदोलन के नेताओं की ओर से राजमार्ग रोकने के मामले में भी हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। अंतत: दुष्प्रचार के चलते ऐसी परिस्थितियां बनीं कि मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने पर बाध्य हुई। इससे किसानों का कितना भला हुआ, यह किसान नेता ही जानें। इन कानूनों को लेकर यह अफवाह फैलाई गई थी कि इनके जरिये किसानों के खेत छीने जाएंगे। चूंकि ये कानून अमल में ही नहीं आए, इसलिए कथित किसान नेता यह थोथा दावा कर सकते हैं कि अंतत: किसानों के खेत छिनने से बच गए,

## सुविचार




# कटुता-क्रिकेट और बेहतर रिश्तों की उम्मीद

भारत-पाकिस्तान के रिश्तों के बारे में कुछ भी कहने से पहले यह कहना चाहता हूं कि एशिया कप के लिए दुबई में हुआ इन दोनों देशों का मुकाबला मैंने देखा था और यह देखकर बहुत खुश हुआ था कि भारत यह मैच बड़ी शान से जीत गया। सच कहूं तो यह मैच मैंने क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले के लिए नहीं, भारत को जीतने के लिए खेलते हुए देखने के लिए देखा था। जिस भी भारतीय ने इस मैच को देखा होगा, निश्चित रूप से वह भारत को जीतते हुए देखना चाहता होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि खेल खेल के लिए भी देखा जाता है, शायद देखा भी इसीलिए जाना चाहिए। लेकिन जब मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच हो तो बात खेल तक ही सीमित नहीं रहती, यह भी सच है। दोनों देशों के रिश्तों को देखते हुए यह सही भी है। लेकिन ग़लत यह भी नहीं है कि ऐसे खेलों का एक उद्देश्य रिश्ते सुधारना भी होता है।

दुबई का यह मैच जिन स्थितियों में खेला गया, उनमें यह उम्मीद करना कि इससे रिश्ते सुधर जायेंगे, सही नहीं लगता। हमने यह भी देखा कि खेल के लिए सिक्का उछालते वक्त दोनों कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाये थे और खेल समाप्त होने के बाद भी खिलाड़ियों के लिए हाथ मिलाने की परंपरा को भी नहीं निभाया गया। पाकिस्तान के कप्तान ने तो आगे बढ़कर हाथ मिलाना चाहा था, पर हमारे कप्तान और हमारी सारी टीम ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। और यह सही भी था। पहलगाम में पाकिस्तान की शह पर, और पाकिस्तान के समर्थन से आतंकवादियों ने मनुष्यता को कलंकित करने वाला जो घिनौना कार्य किया था, उसके बाद भारत के खिलाड़ियों द्वारा ऐसा कुछ न किया जाना हैरान करने वाली बात होती। हमारी टीम के कप्तान ने इस विजय को 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देने वाले हमारे जांबाज सैनिकों और पहलगाम में शहीद हुए भारतीय पर्यटकों के परिवारों को समर्पित किया है। यह सब यही बताता है कि हाथ न मिलाने वाली यह घटना अनायास नहीं हुई थी, निश्चित रूप से पहले इस बारे में निर्णय ले लिया गया होगा।

देश में कुछ लोगों को, या कइयों को, इस निर्णय से शिकायत है। उन्हें लग रहा है कि पाकिस्तान जैसे दुश्मन देश के साथ हमें क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए। उनका कहना है कि 'खून और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते'। बात ग़लत भी नहीं लगती। पाकिस्तान ने जो कुछ किया है, और जो कुछ कर रहा है, वह भुलाने या क्षमा करने लायक नहीं है। इसकी सज़ा उसे मिलनी ही चाहिए। 'ऑपरेशन सिंदूर' इसी सज़ा का एक हिस्सा है। यह भी सही है कि हमारी यह कार्रवाई अभी समाप्त नहीं हुई। हमने अभी इस 'ऑपरेशन' को 'स्थगित' ही किया है। पता नहीं, इस स्थगन का क्या मतलब है और कार्रवाई का अगला कदम कब उठाया जायेगा। यह हमारी सरकार को तय करना है। लेकिन कुछ ऐसा भी है जो हमें यानी देश के नागरिकों को तय करना है। पाकिस्तान ने पहलगाम में जो कुछ किया, उससे उपजा गुस्सा आसानी से, और जल्दी से, शांत नहीं हो सकता। देश में गुस्सा है, होना भी चाहिए। पाकिस्तान दोनों देशों के रिश्तों के बारे में जो कुछ कर रहा है, उसे विवेकहीनता के संदर्भ में ही समझा जाना चाहिए। हमने सारी दुनिया को यह बात बताई है, और अधिकांश देशों ने हमारे दृष्टिकोण को समझा- स्वीकारा है। पाकिस्तान कब समझेगा, यह कहना मुश्किल है, लेकिन एक विवेकशील देश होने के नाते हमारी यह कोशिश होनी चाहिए कि हम अपने इस पड़ोसी देश को समझाएं कि वह जो कर रहा है वह हर दृष्टि से ग़लत है।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था 'हम अपना पड़ोसी नहीं बदल सकते'। इस बात को समझने की आवश्यकता है—और पाकिस्तान को समझाने की भी। वाजपेयी जी ने यह कोशिश की थी। बशीर बद्र का एक शे'र भी सुनाया था उन्होंने पाकिस्तानियों को—'दुश्मनी जम कर करो, लेकिन यह गुंजाइश रहे/ फिर कभी हम दोस्त बन जाएं तो शर्मिंदा न हों।' यह शर्मिंदगी पाकिस्तान को समझनी चाहिए।

बहरहाल, मुल्कों की दुश्मनी को अनंतकाल के लिए लटकाये नहीं रखा जा सकता। आखिर हम चीन की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ा ही रहे हैं। तरेसठ साल पहले, 1962 में, चीन ने हमारी पीठ में छुरा घोंपा था। उसके बाद हमारी ज़मीन के बड़े हिस्से पर उसने कब्जा कर रखा है। अभी हाल तक वह भारत-विरोधी गतिविधियां करता रहा है। इस सबके बावजूद हम चीन



की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ा ही रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में दोस्त और दुश्मन स्थाई नहीं हुआ करते, देशों को समय और स्थितियों के अनुसार अपनी नीतियां बदलनी पड़ती हैं। हां, इस बारे में सावधानी बरतना एक महत्वपूर्ण शर्त है। गले मिलना कतई ज़रूरी नहीं है। 'जरा फासले से मिला करो' वाली नसीहत याद रखनी चाहिए। पर फासला इतना भी न हो जाये कि उसे पाटा न जा सके अथवा पाटने की कोशिश ही न हो। दुहराया जाना चाहिए कि पाकिस्तान जो कुछ कर रहा है, उसका समर्थन किसी भी दृष्टि से नहीं किया जा सकता। क्रिकेट मैच में जीत के बाद हमारी टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ हाथ न मिलाकर स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत से रिश्तों के संदर्भ में उसे अपनी दृष्टि और नीतियां दोनों, बदलनी होंगी। उसे यह भी समझना होगा कि पड़ोसी सबसे नज़दीकी रिश्तेदार होता है। यह बात सबको याद रखनी चाहिए। इस सब में वे भी शामिल हैं जो आज यह मान रहे हैं कि हमें पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच नहीं खेलना चाहिए। पहली नज़र में यह बात भले ही सही लगती हो कि पहलगाम जैसा अमानवीय काम करने-कराने वाले देश के साथ खेलों या कला के क्षेत्र में किसी भी प्रकार का रिश्ता नहीं रखना चाहिए, पर यह बात याद रखनी चाहिए कि रिश्ते जोड़ने वाली राह बहुत लंबी होती है। इस लंबी राह में थकना भी स्वाभाविक है। पर थकने के डर से चलना भी तो नहीं रुक सकता न? चलना तो पड़ेगा। पड़ोसी के साथ क्रिकेट खेलने को इस चलने के एक उदाहरण के रूप में देखा जाना चाहिए।

जैसा कि शुरू में कहा, मैंने दुबई में खेला गया भारत-पाकिस्तान का क्रिकेट का मुकाबला देखा हैङ्कमैं पाकिस्तान को हारते हुए देखना चाहता था। मैंने यह भी देखा कि खिलाड़ियों ने हाथ नहीं मिलाये। अपनी टीम के कप्तान को यह कहते हुए देखना भी अच्छा लगा कि टीम ने इस विजय को 'ऑपरेशन सिंदूर' को कामयाब बनाने वाले सैनिकों और पहलगाम में शहीद होने वाले पर्यटकों के परिवारों को समर्पित किया है।

जो ग़लत हुआ उसका दुख और गुस्सा अपनी जगह सही है, पर ग़लत को सही करने की आवश्यकता को भी समझना ज़रूरी है। सुना है, इस और ऐसे मैचों से हमारे क्रिकेट संघ को कोई बड़ा आर्थिक लाभ भी होता है। मैं नहीं जानता कितना लाभ होता है, पर मैं इतना अवश्य जानता हूं कि उस रात दुबई के उस मैदान में भारत और पाकिस्तान के समर्थक अपने-अपने देश के झंडे लेकर अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे थे। झंडे लहरा रहे थे, एक-दूसरे से टकरा नहीं रहे थे। खिलाड़ियों ने भले ही एक-दूसरे से हाथ न मिलाये हो, लेकिन पाकिस्तान के झंडे वाली एक युवती को भारत का झंडा लहराते पड़ोसी दर्शक को बधाई देते हुए देखना एक उम्मीद जगाने वाला पल था!

# नरेन्द्र मोदी युगांतरकारी नेतृत्व के प्रतीक महामानव

नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारतीय लोकतंत्र की गौरवगाथा को नई ऊँचाइयों तक ले गया है। साधारण परिवार में जन्मा एक बालक, जिसने जीवन के संघर्षों को तपस्या की तरह जिया, आज विश्व राजनीति ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता का मार्गदर्शक बन गया है। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि व्यक्ति में अटूट परिश्रम, कर्मनिष्ठा और राष्ट्रनिष्ठा का अदम्य संकल्प हो, तो वह इतिहास की धारा को भी मोड़ सकता है। नरेंद्र मोदी का उदय किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि यह भारत की जाग्रत चेतना और आत्मविश्वास का प्रतीक है। इक्कीसवीं सदी के भाल पर अपने कर्त्तृत्व की जो अमिट रेखाएं उन्होंने खींची हैं, वे विश्व राजनीति, मानवता एवं राष्ट्रीयता के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। राजनीति-क्रांति के साथ-साथ वे व्यक्ति-क्रांति एवं समाज-क्रांति के सूत्रधार है। उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करना उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाता है। उनके लिये तो इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय हैं। इस वर्ष उनका 75वां जन्मोत्सव मनाते हुए समूचा राष्ट्र अपूर्व गर्व और गौरव की अनुभूति कर रहा है।

मोदी का व्यक्तित्व अनेक विलक्षणताओं का समवाय है, वह कठोर परिश्रम और मिशनरी दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण है। उनके दिन और रात का प्रत्येक क्षण राष्ट्र के लिए समर्पित रहता है। वे चौबीस घंटे भारत के लिए जीते हैं और योजनाओं को केवल कागजों पर नहीं छोड़ते, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारते हैं। उनका मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा देने वाला दर्शन है। उन्होंने राजनीति को सत्ता की होड़ से निकालकर सेवा और राष्ट्रनिर्माण का साधन बना दिया। काल के अनंत प्रवाह में 75 वर्षों का मूल्य बहुत नगण्य होता है, पर मोदी ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां और उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक है।

अपने जीवन के सार्थक प्रयत्नों से उन्होंने इस बात को सिद्ध किया है कि साधारण पुरुष वातावरण से बनते हैं, किन्तु महामानव वातावरण बनाते हैं। समय और परिस्थितियां उनका निर्माण नहीं करती, वे स्वयं समय और परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। साधारण पुरुष जहां अवसर को खोजते रहते हैं, वहां महापुरुष नगण्य अवसरों को भी अपने कर्तृत्व की छेनी से तराश कर महान् बना देते हैं।

नरेन्द्र मोदी का जन्म एवं पालन-पोषण वडनगर, बॉम्बे राज्य (वर्तमान गुजरात) में 17 सितंबर 1950 को हुआ। जहाँ उन्होंने अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की। आठ साल की उम्र में उनका आरएसएस से परिचय हुआ और वे 1971 में गुजरात में संगठन के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। और 1998 में महासचिव बने। वे भारतीय राजनीति के जुझारू, कर्मठ एवं जीवट वाले नेता हैं जो 2014 से भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत हैं। मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और वाराणसी से सांसद हैं। इस वर्ष अपने 75वें जन्मदिन पर मोदी मध्य प्रदेश के धार जिले के भैंसोला गांव में रहेंगे। इस दिन प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड एपेरल पार्क का भूमि पूजन करेंगे। कपास आधारित उद्योगों पर आधारित यह पार्क 6 लाख किसानों को फायदा देगा। इसके अलावा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे, इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर उनकी पहुंच को बेहतर करना, गुणवत्तापूर्वक देखभाल और जागरूकता सुनिश्चित करना है। इसके अलावा महिलाओं के लिए कई अन्य योजनाओं की भी शुरुआत होगी।

मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, वे युगांतरकारी कही जा सकती हैं। आर्थिक क्षेत्र में जीएसटी, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने देश को नई गति दी। सामाजिक क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान, उज्जवला योजना, जन धन योजना, आयुष्मान भारत जैसी पहल ने करोड़ों गरीबों को सम्मानजनक जीवन का आधार दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने भारत की नई आक्रामक और निर्णायक छवि प्रस्तुत की। इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि मोदी ने भारतीय समाज में आत्मविश्वास का संचार किया और यह भावना मजबूत



की कि भारत अब किसी से पीछे नहीं रहेगा। वैश्विक मंच पर नरेंद्र मोदी ने भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके विचार, जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता, कोप-26 जैसे पर्यावरण मंचों पर उनकी स्पष्ट प्रतिबद्धता, विश्व को यह संदेश देती है कि भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र है। कोविड महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री योजना ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अपनी सीमाओं से परे जाकर पूरी मानवता के लिए सोचता है। यही कारण है कि आज भारत को विश्वगुरु की भूमिका निभाने वाला देश माना जाने लगा है और नरेंद्र मोदी इस नई पहचान के प्रेरक बने हैं। मेरे लिए भी नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व केवल दूर से देखने का विषय नहीं रहा, बल्कि उनके साथ जुड़े अनेक आत्मीय अनुभव आज भी मेरे जीवन की स्मृतियों में ताज़ा है। वर्ष 2007 में जब मैं सुखी परिवार फाउंडेशन के महामंत्री के रूप में कार्य कर रहा था, तब गुजरात के आदिवासी अंचल कवांट में एक विशाल आदिवासी सम्मेलन गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में हमने आयोजित किया था। उस सम्मेलन में नरेंद्र मोदी स्वयं पधारे थे। उस समय वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे और कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी समाज की ऊर्जा और उत्साह के बीच गणि राजेन्द्र विजयजी ने बड़ी आत्मीयता से उनको कहा था-अब आप दिल्ली चलो। गणिजी का यह वाक्य केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी धर्मगुरु की अंतरदृष्टि थी, जो बाद में सार्थक भी हुई। गणि राजेंद्र विजयजी के प्रभाव से उस सम्मेलन में करीब डेढ़ लाख आदिवासी एकत्र हुए थे और मोदीजी ने उस सम्मेलन को जिस संवेदनशीलता और गंभीरता से संबोधित किया, वह उनकी लोकमंगलकारी दृष्टि और आदिवासी समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण था। मेरे लिए यह केवल एक व्यक्तिगत संस्मरण नहीं, बल्कि इस बात का साक्षात अनुभव है कि मोदीजी किस तरह जीवन के हर स्तर पर मिलने वाले लोगों और परिस्थितियों को दूरगामी दृष्टि से देखते हैं और उनमें राष्ट्र निर्माण की संभावनाएँ खोजते हैं।

मोदीजी के व्यक्तित्व का एक बड़ा पक्ष मानवीय संवेदनाओं से भरा हुआ है। चाहे गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराना हो, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाना हो, बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना हो या स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ आम जन तक पहुँचाना हो, मोदी का हर कदम जीवन को सरल और सम्मानजनक बनाने पर केंद्रित है। वे न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के सिद्धांत पर चलते हुए प्रशासन को अधिक सक्षम और प्रभावी बनाते हैं। उनका नेतृत्व केवल आधुनिकता और विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

## बीकानेर जिला कलेक्टर व पूलिस अधीक्षक ने मुक्तिधाम मुकाम में श्री गुरू जम्भेश्वर भगवान की समाधि स्थल पर लगने वाले आसौज मेला की व्यवस्था का लिया जायजा

द डेस्प्रिंग

**श्रीराम भादू /बीकानेर ।** (मूकाम)अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के महासचिव रूपाराम विशनोई ने बताया कि गूरूवार की शाम को मुक्तिधाम मुकाम में श्री गुरू जम्भेश्वर भगवान की समाधि स्थल पर लगने वाले आसौज मेला की व्यवस्था का जायजा लेने नम्रता वृष्णि जिला कलेक्टर बीकानेर, कावेन्द्र सागर पुलिस अधीक्षक बीकानेर मुक्तिधाम मुकाम में पधारे। मुकाम पुलिस चौकी पर अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के महासचिव श्री रूपाराम कालीराणा, श्री बिहारीलाल बिश्नोई पूर्व विधायक नोखा, श्री विनोद धारणियां प्रधान अ.भा.ज. सेवकदल ने अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा द्वारा मुकाम मेला पर हुई प्रशासन की व्यवस्था से अवगत करवाया, जो व्यवस्था मेला के लिए आवश्यक अभी नहीं हुई हैं उसका लिख कर श्रद्धालुओं के लिए करवाने की तत्काल मांग की। नोखा से मुकाम बीदासर सड़क की रिपेयरिंग कार्य भी







करवाना हैं। मेला में दूरसंचार व्यवस्था अभी विशेष नहीं हुई है। स्थायी दूरसंचार विभाग के टावर लगवाने की मांग की नेटवर्क जाम हो रहा हैं। मेला पर अव्यवस्था हो रही हैं अभी लाखों श्रद्धालुओं की व्यवस्था भी दूरसंचार पर निर्भर हैं। जल व्यवस्था अभी पर्याप्त नहीं हैं। मालाणी धर्मशाला, हरियाणा धर्मशाला मुकाम निम्बड़ियासर सभी जलहौद स्टोरेज खाली पड़े हैं। जल व्यवस्था सुचारू की जावे। ट्यूबवेल, बुस्टर, पम्प हाऊस में मोटर पम्प नये से संचालित करके जल व्यवस्था मेला पर पर्याप्त की जावे। मेला में मंदिर परिसर स्टेज जागरण सभा स्थल खुला अधिवेशन स्थल पर ट्रैफिक यातायात व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स का जाप्ता लगवाया जावे। इस मेला में 5-6 लाख श्रद्धालुओं के लिए सड़क बिजली, पानी, चिकित्सा, सुरक्षा कानून व्यवस्था सूचारू रखने की मांग की।

# गणेश पूजन के साथ सितारगंज में रामलीला का हुआ शुभारंभ

## भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने का आवाहन किया

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज दीपक भारद्वाज ।** सितारगंज में रामलीला का मंचन का हुआ भव्य शुभारंभ हुआ जिसमें कार्यक्रम के मुख्य नगर पालिका अध्यक्ष मुख्य अतिथि सुखदेव सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, शिव कुमार मित्तल, एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया श्री राम की रामलीला का शुभारंभ बड़ी धूमधाम के साथ किया गया गणेश पूजन के साथ माता सीता की आरती की गई रामलीला कमेटी के अध्यक्ष त्यागी ने बताया कि सितारगंज नगर में रामलीला ग्राउंड में रामलीला का शुभारंभ हो चुका है जिसको लेकर पूरे सितारगंज शहर में उत्साह का माहौल है रामलीला का मंचन देखने के लिए पहले दिन ही उत्साह के साथ रामलीला देखने आए हैं उन्होंने कहा में सितारगंज की सभी धर्म प्रेमी जनता से अपील करना चाहता हूं सभी लोग रामलीला देखने आए और शांतिपूर्वक रामलीला मंचन देखें रामलीला का आनंद लें उन्होंने कहा सुरक्षा की दृष्टि से में पुलिस प्रशासन से





भी कहना चाहता हूं रामलीला कमेटी में हमारा सहयोग प्रदान करें रामलीला का मंचन बहुत अच्छी तरीके से मनाया जाए और भव्य रूप से संपन्न हो सके आज पूरा शहर भगवान श्री राम के जयकारों से भक्ति मय हो गया इस मौके पर अध्यक्ष राकेश त्यागी, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, महामंत्री भीमसेन गर्ग,उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, भगवान सिंह भंडारी,संजय गोयल,बीना साहू नीरू गुप्ता,सुमन राय, दयानन्द तिवारी,सतेंद्र दिवाकर अमित रस्तोगी,सतीश उपाध्याय, उमेश अग्रवाल, सुरेन्द्र सिंह चौहान, मनोज अरोरा, सुरेश जैन,अभिषेक जैन धर्मा देवी,दीपचंद कौशल, आदि मौजूद थे

# खाटूश्याम के भक्तों को बड़ी सौगात मंडावर से वाया महवा खाटूधाम तक रोडवेज बस सेवा हुई शुरू

## विधायक राजेन्द्र मीना ने किया हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

द डेस्प्रिंग

**मंडावर/मनोज खंडेलवाल।** क्षेत्र के श्याम भक्तों की वर्षों पुरानी मांग गुरुवार को ऐतिहासिक रूप से पूरी हुई, जब मंडावर से वाया महवा खाटूश्याम जी के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की सीधी बस सेवा का शुभारंभ किया गया। गांधी चौक मंडावर पर आयोजित भव्य समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित अनुज पाराशर ने बस की पूजा-अर्चना की, जिसके बाद विधायक राजेन्द्र मीना ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया।





शुभारंभ को और खास बनाते हुए विधायक राजेन्द्र मीना स्वयं बस में सवार हुए और निगम के मुख्य प्रबंधक विश्राम मीना, अन्य अधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं व श्याम भक्तों के साथ महवा तक यात्रा कर आमजन के साथ इस बहुप्रतीक्षित सेवा की शुरुआत का साक्षी बने। महवा पहुँचने पर भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने विधायक राजेन्द्र मीना व निगम अधिकारियों का बैण्ड-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर चुनरी, माला और साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया और मुँह मीठा कराते हुए खुशी का इज़हार किया गया।

विधायक मीना ने बताया कि हाल ही में उनके जन्मदिवस पर क्षेत्र के श्याम भक्तों ने मंडावर से खाटूश्याम जी तक सीधी बस सेवा शुरू करने की मांग रखी थी। जनता की भावनाओं को सम्मान देते हुए उन्होंने उसी समय निगम के दौसा डिपो के मुख्य प्रबंधक विश्राम मीना से फोन पर वार्ता की और शीघ्र बस संचालन के निर्देश दिए। नतीजतन, महज एक दिन में ही बस सेवा शुरू कर दी गई, जिससे मंडावर व आसपास के हजारों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली। यह बस प्रतिदिन प्रातः मंडावर से रवाना होकर महवा होते हुए सीधे खाटूश्याम जी जाएगी और फिर वहीं से वापसी करेगी।

शुभारंभ कार्यक्रम में दौसा डिपो के मुख्य प्रबंधक विश्राम मीना, मंडावर के उपखंड अधिकारी अमित वर्मा, महवा केंद्रीय बस स्टैंड प्रभारी हितेश जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष सोनू वशिष्ठ, सरपंच संघ अध्यक्ष लल्लू सरपंच, रींदली सरपंच नेमाचंद पहाड़िया, राजेश शर्मा समेत खाटूश्याम सेवा संगठनों के प्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

इस बस सेवा की शुरुआत से मंडावर, महवा व आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को अब खाटूश्याम जी के दर्शनों के लिए सुरक्षित, सीधी और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। विधायक राजेन्द्र मीना ने इस क्षण को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह पहल न केवल श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्रीय विकास और धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देने वाली है। उन्होंने इसे सरकार और निगम की संवेदनशीलता का प्रतीक बताया।

### जलदाय विभाग की भारी लापरवाही 4 साल से सरकारी नलकूप संविन्दा कर्मचारी को नहीं मिल रहा वेतन

**प्तदेवराज हूआ पैसे पैसे का मोहताज आखीर जिम्मेदार कोन**

द डेस्प्रिंग

**फलोदी श्रीराम भादू ।** फलोदी जिले के घण्टियाली ग्राम पंचायत व पंचायत समिति घण्टियाली के सरकारी नलकूप पर संविदा कर्मचारी देवराज को 4 साल से नही मिल रहा वेतन 4 साल से ब्राहम्णो की ढाणी में सरकारी नलकूप पर संविदा कर्मचारी है देवराज पीएचडी फलोदी ग्राम पंचायत घण्टियाली इस संविदा कर्मचारी को पिछले 4 साल से परेशान कर रहे है, इन्होंने फलोदी विधायक पब्बाराम विशनोई व पीएचडी सहायक अभियंता ग्रामीण, श्वह, ङ्गह सभी से सैकड़ों बार गुहार लगा चुका है पर कोई सुनवाई तक नही हूई न वेतन मिला मझेदार बात यह है की पीएचडी के सहायक अभियंता व ग्राम पंचायत इस संविदा कर्मचारी से पूछ रहा है यह नलकूप कब हुआ जब कि इस नलकूप का पीएचडी ने 23 लाख रु की लागत से पीएचडी ने ही बनाया है, इस नलकूप को लेकर सारे दस्तावेज पीड़ित संविदा कर्मचारी के पास मौजूद है संविदा कर्मचारी का कहना है कि अब पीएचडी व ग्राम पंचायत इस पूरे मामले से पल्ला झाड़ रहा है, पीड़ित संविदा कर्मचारी ने बताया कि अब मेरे परिवार की भूखे मरने की नोबत आ चुकी है, अगर पीएचडी विभाग मेरा 4 साल का वेतन नही देती है तो में अब आत्महत्या करूँगा समस्त जिम्मेदारी पीएचडी विभाग के अधिकारियों की होगी पीड़ित ने जिला कलेक्टर से मांग की है

# साइबर सुरक्षा व महिला सम्मान पर दौसा पुलिस की बड़ी पहल।

## सरदार पटेल जयंती पर छात्राओं को मिली डिजिटल सुरक्षा की कवच जैसी सीख।

द डेस्प्रिंग

**दौसा/ मनोज खंडेलवाल।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराध और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुरुवार को कन्या महाविद्यालय, दौसा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशन में आयोजित हुआ। मौके पर वृत्ताधिकारी दौसा रवि प्रकाश शर्मा ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा के अहम पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।



**उन्होंने कहा कि आज के समय में साइबर अपराधी हर पल सक्रिय हैं** और जरा-सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है। सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करना, ऑनलाइन लेन-देन में असावधानी बरतना या संदिग्ध लिंक पर क्लिक करना साइबर ठगी का रास्ता खोल देता है। इसलिए जागरूकता और सतर्कता ही बचाव का सबसे मजबूत साधन है।

**कार्यक्रम में छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए।** सोशल मीडिया पर गोपनीयता की सुरक्षा, ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही महिला सुरक्षा संबंधी नवीन कानूनी प्रावधान और पोक्सो एक्ट के तहत मिलने वाले अधिकारों की भी जानकारी साझा की गई।

**राजस्थान पुलिस के राजकॉप सिटीजन एप के नीड हैल्प बटन के महत्व को भी विस्तार से समझाया गया,** ताकि आपात स्थिति में छात्राएं तुरंत पुलिस की मदद ले सकें।

इस अवसर पर छात्राओं ने सामूहिक रूप से साइबर सुरक्षा की शपथ ली और संकल्प लिया कि वे स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अपने परिवार और समाज को भी साइबर अपराधों से बचाने में योगदान देंगी।

**दौसा पुलिस ने अपील की कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी,** वित्तीय अपराध या संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि सामने आती है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। यह त्वरित कदम न केवल पीड़ित को नुकसान से बचाएगा, बल्कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम के दौरान उत्साह का माहौल रहा। छात्राओं ने कहा कि इस आयोजन ने उन्हें न केवल साइबर सुरक्षा की गहन जानकारी दी, बल्कि आत्मरक्षा और कानून के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई। यह पहल डिजिटल अपराधों के खिलाफ एक मजबूत कवच साबित होगी और महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान की नई दिशा देगी।

# चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा के लिए रेलवे की बड़ी पहल

## बांदीकुई-जयपुर के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेन, हजारों अभ्यर्थियों को मिलेगी बड़ी राहत

द डेस्प्रिंग

**मंडावर-दौसा ।** राजस्थान में होने वाली चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने बांदीकुई-जयपुर के बीच विशेष रेलसेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से दौसा सहित आसपास के जिलों से जयपुर जाने वाले हजारों परीक्षार्थियों को राहत मिलेगी और परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहेगी।**रेलवे प्रशासन के मुताबिक गाड़ी संख्या 09701 बांदीकुई-जयपुर परीक्षा स्पेशल 18 से 20 सितंबर तक प्रतिदिन तीन ट्रिप में चलाई जाएगी।** यह ट्रेन रात 9:35 बजे बांदीकुई से रवाना होकर दौसा, खातीपुरा, गैटोर जगतपुरा और गांधीनगर जयपुर स्टेशनों पर रुकते हुए तड़के 1:20 बजे जयपुर पहुंचेगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 09702 जयपुर-बांदीकुई परीक्षा स्पेशल 19 से 21 सितंबर तक चलेगी, जो जयपुर से रात 2:55 बजे रवाना होकर सुबह 5:15 बजे बांदीकुई पहुंचेगी। इस विशेष रेलसेवा में मेमू रैक के डिब्बे लगाए जाएंगे, जिससे अधिक संख्या में परीक्षार्थियों को बैठने की सुविधा मिलेगी। रेलवे ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय से पहले स्टेशन पहुंचे और यात्रा के दौरान सभी टिकट नियमों का पालन करें। ग्रामीण इलाकों से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए यह विशेष ट्रेन बड़ी सौगात साबित होगी। परीक्षा के दिनों में दौसा और बांदीकुई के बीच बढ़ते यातायात दबाव को यह ट्रेन काफी हद तक कम करेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह अस्थायी व्यवस्था केवल परीक्षा अवधि तक लागू रहेगी, लेकिन भविष्य में बढ़ती मांग को देखते हुए किया जाएगा।

# रास्ता खोलो अभियान से सुलझा वर्षों पुराना विवाद

## रास्तो के प्रकरणो में आमजन को मिली राहत, ग्रामीणों की राह हुई आसान

### चेहरे पर खिली मुस्कान ग्रामीण बोले – धन्यवाद सरकार और प्रशासन

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के रास्ता खोलो अभियान के तहत जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में एक आवेदक को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से रास्ते की समस्या से जूझ रहे ग्राम आकेड़ा चौड़ निवासी लक्ष्मण सिंह राजावत को अब अपनी खातेदारी भूमि तक पहुंचने के लिए विधिवत रास्ता मिल गया है। उपखण्ड न्यायालय रामपुरा डाबड़ी में दर्ज प्रकरण में सुनवाई के बाद न्यायालय ने रास्ता खोलने के आदेश पारित किए, जिसके बाद राजस्व अधिकारियों ने मौके पर कार्रवाई पूरी कर रास्ता खुलवाया।



**प्रकरण के अनुसार,** आवेदक लक्ष्मण सिंह राजावत ने राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 251ए के तहत न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट रामपुरा डाबड़ी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। यह प्रार्थना पत्र प्रकरण संख्या 49/2024 लक्ष्मण सिंह बनाम औकार वगैरह शीर्षक से दर्ज हुआ। पीठासीन अधिकारी अशोक कुमार (आर.ए.एस.) ने 20 जून 2025 को आदेश पारित करते हुए कहा कि राजस्व ग्राम आकेड़ा चौड़ के खसरा नम्बर 441 तक पहुंचने हेतु खसरा नम्बर 437 की पश्चिमी सीमा से सहारे 6 मीटर चौड़ा रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए और आवेदक को उसकी भूमि तक पहुंचने का अधिकार दिया जाए। साथ ही तहसीलदार रामपुरा डाबड़ी को आदेश की पालना करने हेतु तहरीर भी जारी की गई।

**निर्णय की पालना में, आवेदक ने न्यायालय के आदेशानुसार** प्रतिवादियों को दी जाने वाली डी.एल.सी. दर की दुगनी राशि राजकोष में जमा करवाई। इसके बाद तहसीलदार रामपुरा डाबड़ी ने 16 सितम्बर 2025 को राजस्व टीम और पुलिस जाब्ते की उपस्थिति में मौके पर पहुंचकर रास्ता खोलने की कार्यवाही संपन्न कराई। इस कार्रवाई से ग्राम आकेड़ा चौड़ के खसरा नम्बर 441 तक जाने का 6 मीटर चौड़ा रास्ता सुचारू रूप से उपलब्ध हो गया। रास्ता खुलने पर आवेदक लक्ष्मण सिंह राजावत ने न्यायालय, राजस्व अधिकारी, तहसील प्रशासन, राजस्व टीम, पुलिस जाब्ते और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रास्ता खोलो अभियान से उन्हें अपनी भूमि तक पहुंचने का वैधानिक अधिकार मिला है, जिसके लिए वे सरकार की सराहना करते हैं।

**गौरतलब है कि** प्रदेश में सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में कई पुराने रास्ते विवादों का निपटारा हो रहा है। इससे जहां किसानों को अपनी भूमि तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित हो रही है, वहीं गांवों में आपसी झगड़ों और विवादों में भी कमी आ रही है। आवेदक का कहना है कि यह पहल वास्तव में किसानों और आमजन के लिए बड़ी राहत देने वाली है।

# हत्या के आरोपी द्वारा डीजे जुलूस निकालने पर मेहंदीपुर बालाजी पुलिस का बड़ा एक्शन, सात गिरफ्तार, गाड़ियां और डीजे जब्त।

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल ।** मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र के कस्बा बालाजी इलाके में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई जब हत्या के मामले में करीब दो साल से जेल में बंद रहा आरोपी जमानत पर रिहा होकर लौटा और समर्थकों संग डीजे बजाते हुए जुलूस निकाल आमजन में भय फैलाने का प्रयास करने लगा। आरोपी सीताराम मीना गाड़ी के सनरूफ से बाहर निकलकर भीड़ को उकसाता रहा, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। मामले की सूचना पर पुलिस ने तत्काल दबिश देकर मुख्य आरोपी सहित सात लोगों को धर दबोचा। साथ ही जुलूस में शामिल दो गाड़ियों को 207 एमवी एक्ट के तहत जब्त किया गया और बज रहे डीजे को धारा 190(2) एमवी एक्ट में सीज कर दिया।




**जमानत पर बाहर आते ही आरोपी सीताराम मीना द्वारा निकाला गया यह जुलूस** न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती था बल्कि यह इलाके में अशांति और भय फैलाने की सोची-समझी कोशिश थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी गौरव प्रधान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बा बालाजी में त्वरित कार्रवाई की।

**गिरफ्तार आरोपियों में** सीताराम पुत्र विजयराम मीना (30) निवासी आदर्श कॉलोनी बालाजी, भीमसिंह पुत्र बिजेंद्र सिंह मीना (35) निवासी खेड़ीसीस, महेश पुत्र गोर्धन बेरवा (21) निवासी गहरौली, आकाश पुत्र सुमेर सिंह मीना (25) निवासी सिकराय, रिंकू पुत्र सियाराम मीना (25) निवासी गिरधारीपुरा, हरिओम उर्फ बिट्टू पुत्र राजेश मीना (19) निवासी सिकराय और नरेशकुमार पुत्र प्रहलाद मीना (25) निवासी गिरधारीपुरा शामिल हैं।

**पुलिस ने बताया कि** यह कार्रवाई बीएनएसएस की धारा 170 के तहत की गई, जिसके अंतर्गत भय या दहशत फैलाने वाले कृत्यों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाती है। जुलूस में शामिल दो गाड़ियों को जब्त कर 207 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जबकि डीजे को सीज कर 190(2) एमवी एक्ट के तहत जब्त किया गया। इस पूरे ऑपरेशन में थानाधिकारी गौरव प्रधान के साथ हेडकांस्टेबल महेशचंद, हेडकांस्टेबल देवीसिंह, कांस्टेबल ओमेन्द्र, कपिल, जीतेन्द्र, कप्तान, बाबूलाल और जीतेन्द्र सहित पुलिस टीम के जवान शामिल रहे।

**थाना प्रभारी गौरव प्रधान ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि** पुलिस किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने या गुंडागर्दी करने की इजाजत नहीं देगी। आमजन में भय फैलाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पाटोदा में वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर आयोजन - ग्रामीणों को प्रधान मंत्री बीमा योजना और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए दी जानकारी

द डेस्प्रिंग

**पाटोदा/पप्पू लाल शर्मा ।** पाटोदा कस्बे में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया। पाटोदा, बठोठ,फागलवा, रसीदपुरा,जाजोद, किरडोली,सेवद बड़ी,नेछवा,गाडोदा,मगलूणा, काछवा में वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। पाटोदा ग्राम पंचायत परिसर में राजस्थान ग्रामीण बैंक द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया।इस शिविर में राजस्थान ग्रामीण बैंक, सीकर क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती दीप्ति कुलश्रेष्ठ, मुख्य प्रबंधक भुवन व्यास ने भाग लिया। सीकर क्षेत्रीय प्रबंधक दीप्ति कुलश्रेष्ठ ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ग्राहकों के खातों का ऋ्र - चङ्घष्ट कर बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाना है। राजस्थान ग्रामीण बैंक की कुल 1593 शाखाओं में यह शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सीकर क्षेत्र की 77 शाखाओं मे यह शिविर का आयोजन किया गया।

ैंक स्तर पर एक लाख से अधिक खातों की ऋ्र-चङ्घष्ट सफलतापूर्वक की गई।कार्यक्रम में महा शिविर का ऑनलाइन उद्घाटन भारतीय रिज़र्व बैंक के रीजनल डायरेक्टर नवीन नम्बियार द्वारा किया गया। राजस्थान ग्रामीण बैंक के सभी क्षेत्रों ) की चयनित शाखाएँ भी ऑनलाइन इस शुभारंभ कार्यक्रम से जुड़ीं। जहाँ नवीन नम्बियार ने सभी को संबोधित किया। कार्यक्रम में राजस्थान ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मुकेश भारतीय भी उपस्थित रहे। और उन्होंने इसे बैंक तथा ग्राहकों के बीच विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने वाला कदम बताया। मुख्य प्रबंधक भुवन व्यास ने बताया कि ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के तरीकों के बारे में भी बताया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के हर वर्ग तक इन योजनाओं के लाभ पहुंचाना है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 18 से 70 वर्ष के व्यक्तियों को मात्र 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है। वहीं, पहल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के हर वर्ग तक इन योजनाओं के लाभ पहुंचाना है। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष के लोगों को 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है। उन्होंने अटल पेंशन, प्रधानमंत्री जन धन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा सहित कई प्रकार की योजनाओं की जानकारी भी दी।











इस अवसर पर सरपंच कमला देवी ढाका,मदन सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह ढाका, भंवर लाल शर्मा,शाखा प्रबंधक पाटोदा सनी स्वामी, लेखराम, बबलू, पवन ओला, भंवर चौमाल, संजय शर्मा, वीरू शर्मा, मूलाराम भदाला, रामगोपाल चौमाल, कानाराम जांगिड़ हापास,सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### रानी 69 वीं जिला स्तर क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन सम्हारो सोजत बिरला स्कुल ने जिता खिताब

द डेस्प्रिंग

**रानी/ नगराज वैष्णव ।** मुख्य अतिथि मारवाड विधियाक केसाराम चौधरी , विशिष्ठ अतिथि नगरपालिका चैयर मेन भरत राठौड की अध्यक्षता मे समापन समारोह रखा गया ! विद्यायक केसारामजी चौधरी ने माँ सरस्वती को दिप प्रज्वलीत किया , विधायक केसाराम चौधरी का विद्यालय की तरफ से साफा दुपटा मोमेन्टो दिया गया , नगर पालिका अध्यक्ष भरत राठौड का साफा मोमेन्टो दुपट्टा से स्वागत , इस प्रतियोगिता के भामाशाहा का सम्मान किया गया दुपटा साफा विधायक द्वारा पहनाया गया , भामाशाह नग जी लक्ष्मी मोबाई, भरत जैन , किरण सोनी , जसवन्त जैन ,बाबूलाल भाट , ईश्वरसिह , विक्रमसिंह, तथा मंच पर बिराजे भामाशाह तथा अतिथी , रानी थानेदार आनन्द कुमार , दिनेश जैन , जयंतिलाल वैष्णव , रानी भाजपा अध्यक्ष हरीश गेहलोत , नगर पालिका उपाध्यक्ष डालचंद चौहान , सुमेरसिह सी बी ओ रानी, नेमाराम परिहार प्रतियोगिता के सुपर वाईजर , राघव प्रसाद पाण्डे , संजीव रेहान सबका विद्यालय की ओर से साफा दुपट्टा , मोमेन्टो दिया गया , रानी सबसे अच्छे वरकर नितू राठौड को विधायक ने साफा माला मोमेन्टो देकर सम्मानित किया, रंगा रंग सांस्कृतिक प्रोग्राम विद्यालय द्वारा किया गया , विजेता टिम को पुरुष कार वितरण किया गया शिल्ड तथा कप देकर , दुसरा स्थान आने वाली तथा तीसरे स्थान तथा चौथा पर आने वाली टिमो को , विद्यायक ने अपने विचार प्रकट किये ! विजेता सोजत बिरला, उप विजेता पाली बांगड , तृतीय स्थान नाडोल, तथा मारवाड जः इस अवसर पर सोनू दि दि ब्रह्मा कुमारीज , शंकर सिह , पुनाराम बंजारा, विजोवा मंडल अध्यक्ष उत्तमसिह , गोरू सोनी , कुन्दनसिह , इन्दरसिह , जयंति जैन राजा, राहुल सोनी पार्षद नर्मदा कॅवर, रामलाल प्रजापत , डायाराम ,रानी की खेल प्रेमी जनता रहि मौजूद, भामाशाहा कुशलराज मेहता ने स्टेज पर छेड लगाने की घोषणा की ! विधायक ने लगाया एक पेड माँ के नाम !



## संक्षिप्त समाचार

### बीएमडब्ल्यू हादसे पर आरोपी महिला के पति का अलग ही दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली बीएमडब्ल्यू हादसे में, वित्त मंत्रालय के अधिकारी नवजोत सिंह की दर्दनात मौत के बाद, पुलिस ने मुख्य आरोपी महिला गगनप्रीत कौर को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में, उनके पति परीक्षित मक्कड़ का



बयान भी सामने आया है, जो दुर्घटना के समय गाड़ी में मौजूद थे। रविवार को धौला कुआं के पास हुए इस हादसे को लेकर उन्होंने पुलिस के सामने एक अलग ही कहानी पेश की है। अब तक यह बताया जा रहा था कि नवजोत की बाइक और कार की टक्कर के बाद, पति-पत्नी नवजोत और उनकी पत्नी को एक वैन में अस्पताल ले गए थे, जिसका दावा वैन के ड्राइवर ने भी किया था। लेकिन अब गगनप्रीत के पति का कहना है कि उनकी पत्नी पीड़ितों को टैक्सी से अस्पताल ले गई, जबकि परीक्षित खुद पीछे-पीछे एक दूसरी टैक्सी में अस्पताल पहुंचे। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस सूत्रों ने बताया कि परीक्षित ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि दुर्घटना कैसे हुई। उन्होंने दावा किया कि टक्कर के बाद, गगनप्रीत ने उनसे कहा कि वह नवजोत और उनकी पत्नी को टैक्सी से अस्पताल लेकर जा रही है और वह खुद दूसरी टैक्सी से उनके पीछे गए। इसके बाद, गगनप्रीत ने अपने पिता को फोन किया, जो बाद में अस्पताल पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अब उनके दावों की जांच कर रही है। इसके लिए, कॉल डिटेल्स और लोकेशन डेटा खंगाले जा रहे हैं।

### दिल्ली में ड्रग्स माफिया के खिलाफ पुलिस का बड़ा एक्शन, 12 करोड़ की हेरोइन के साथ 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ एक ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए उत्तरी दिल्ली में 12 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की है। इस ऑपरेशन में पांच कथित ड्रग तस्करों को भी हथकड़ी पहनाई गई है। पुलिस का यह एक्शन नशे के काले कारोबार पर करारा प्रहार माना जा रहा है।



#### पुलिस ने कैसे बिछाया जाल?

पुलिस को लंबे समय से दिल्ली के बाहरी उत्तरी इलाकों में ड्रग्स की तस्करी की खबरें मिल रही थीं। इसके बाद एक खुफिया ऑपरेशन शुरू किया गया। कई दिनों की मेहनत और निगरानी के बाद पुलिस ने तस्करों के नेटवर्क को धराशायी कर दिया। इस कार्रवाई में 3.1 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसकी सड़क पर कीमत करीब 12 करोड़ रुपये आंकी गई है।

#### पांच शातिर तस्कर पकड़े गए

पुलिस ने इस मामले में पांच ऐसे शातिरों को गिरफ्तार किया, जो नशे के इस काले धंधे में लिप्त थे। इनके पास से न केवल भारी मात्रा में हेरोइन मिली, बल्कि तस्करी के तार दिल्ली से बाहर तक जुड़े होने की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर रही है ताकि इस नेटवर्क के और राज खुल सकें। यह कार्रवाई दिल्ली पुलिस की उस मुहिम का हिस्सा है, जो राजधानी को नशे के जाल से मुक्त करने के लिए चल रही है। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया, हमारा लक्ष्य नशे के इस कारोबार को जड़ से उखाड़ना है। यह ऑपरेशन उस दिशा में एक बड़ा कदम है।

दिल्ली में सूरज की तपिश से हाल-बेहाल

# मॉनसून की विदाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में इन दिनों सूरज अपना प्रकोप दिखा रहा है। दिनभर तेज धूप और रात को उमस लोगों को परेशान कर रही है। मॉनसून की विदाई के साथ ही दिल्ली में गर्मी फिर से बढ़ गई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक बारिश का कोई इशारा नहीं, बल्कि धूप और नमी का मेलजोल जारी रहेगा।

### मॉनसून की विदाई

आईएमडी के 15 सितंबर के प्रेस रिलीज के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने राजस्थान और पंजाब के कुछ हिस्सों से अपनी वापसी शुरू कर दी है और दिल्ली-एनसीआर इसकी चपेट में आ चुका है। मॉनसून अब पूरे उत्तर-पश्चिम भारत से लौट रहा है, जो सामान्य से थोड़ा देर से हो रही है। सितंबर में दिल्ली का औसत वर्षा 123.5 एमएम होती है, लेकिन इस महीने के पहले दो दिनों में ही 53.8 एमएम बारिश हो चुकी थी, जो मॉनसून की ताकत दिखाती है। अब विदाई के बाद, विभाग का अनुमान है कि 1 अक्टूबर तक पूरे देश से मॉनसून पूरी तरह हट जाएगा। दिल्ली में अब हल्की-फुल्की बूंदों की उम्मीद कम है, लेकिन नमी का स्तर ऊंचा रहने से उमस भरी गर्मी सताएगी।

**आज धूप और उमस करेगी परेशान-** आईएमडी के अनुसार आज दिल्ली का तापमान करीब 29 डिग्री सेल्सियस पर घूम रहा है, जबकि ह्यूमिडिटी 83 फीसदी तक पहुंच गई है। हवा शांत है, सिर्फ 0 किमी/घंटा की स्पीड, जो धूप को और तीखा बना देगी। हृष्टक्रके अन्य इलाकों जैसे गुरुग्राम, फरीदाबाद, गौतम बुद्ध नगर और गाजियाबाद में भी यही हाल - तापमान 29.8 से 32.8 डिग्री के बीच, ह्यूमिडिटी 67-74 फीसदी और हल्की दक्षिण-पूर्वी हवा। यह सब मॉनसून की विदाई की वजह से है, जो अब धूप के साथ मिलकर ह्यूमिड हीट का कॉकटेल बना रहे हैं। आईएमडी के मुताबिक, आज अधिकतम तापमान 34 डिग्री तक छू सकता है, जो सामान्य से 1-2 डिग्री ऊपर है, जबकि न्यूनतम 24 डिग्री के आसपास रहेगा। कल की तुलना में 1.7 डिग्री का इजाफा हो चुका है।

### अगले दिनों का पूर्वानुमान

आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, 18 सितंबर से 21 सितंबर तक दिल्ली-एनसीआर में बारिश का कोई चांस नहीं है। मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा। आंशिक बादल छाए रहेंगे, लेकिन सूरज का डंका बजेगा। अधिकतम तापमान 33-36 डिग्री के बीच रहेगा, न्यूनतम 24-25 डिग्री। 18 सितंबर को दिल्ली में अधिकतम 34 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री का अनुमान है, हवा की स्पीड 3-4 किमी/घंटा दक्षिण-पूर्व से। ह्यूमिडिटी 70 फीसदी से ऊपर रहेगी, जो गर्मी को और चुभन भरी बनाएगी। विभाग ने 21 सितंबर तक कोई वॉरिंग जारी नहीं की है, लेकिन स्काइमेट वेदर जैसे सहायक स्रोतों के आधार पर 17-19 सितंबर के बीच हल्की बूंदाबांदी की थोड़ी गुंजाइश बताई जा रही है।

किस्सा दिल्ली का: 700 साल पुराना बांध सतपुला

# जहां बहता था चमत्कारी पानी; दुश्मनों से भी बचाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की व्यस्त सड़कों और आधुनिक मॉल्स के बीच छिपा है एक ऐसा बांध, जो सदियों पुरानी कहानी बयां कर रहा है। इस बांध को सतपुला कहते हैं। करीब 700 साल पुराना यह बांध, न सिर्फ इतिहास की एक जीवंत गवाही है, बल्कि दिल्ली की पानी प्रबंधन की प्राचीन बुद्धिमत्ता का प्रतीक भी। तुगलक काल में बने इस ढांचे ने सूखे से लड़ाई लड़ी, शहर की रक्षा की और अब आधुनिक समय में पुनर्जीवित होकर पर्यावरण की मिसाल बन रहा है। आज हम इसी सतपुला बांध की रोचक कहानी बता रहे हैं।

**सूखे और प्लेग के बीच जन्मा यह बांध-** कल्पना कीजिए 14वीं शताब्दी का दिल्ली, जहां सूखा और ब्लैक प्लेग जैसी महामारियां लोगों को त्रस्त कर रही थीं। तुगलक वंश के सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक ने 1340 के आसपास सतपुला का निर्माण करवाया, जो दिल्ली की चौथी शहर जहांपनाह का हिस्सा बना। यह बांध यमुना नदी से जुड़ी एक छोटी धारा को नियंत्रित करने के लिए बनाया गया था, ताकि सिंचाई और पीने का पानी उपलब्ध हो सके। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इसमें सूफी संत नासिरुद्दीन महमूद की आशीर्वाद वाली शक्ति थी, जो पानी को चमत्कारी गुण देती थी। आज यह साकेत के पास खिड़की गांव में खड़ा है, जहां से दिल्ली की पुरानी चार शहरों - किला राय पिथौरा, सिरी, तुगलकाबाद और जहांपनाह को जोड़ने वाली दीवारों का हिस्सा था।

**निर्माण की कारीगरी-** सतपुला का नाम ही इसकी संरचना की कहानी बयां करता है - सात पुल या सात मेहराबें, जो पानी के प्रवाह को नियंत्रित करती थीं। यह लगभग 255 फीट चौड़ा ढांचा मोटी पत्थर की दीवारों से बना है, जिसमें तीन मुख्य मेहराबें सबसे चौड़ी हैं और बाकी छह 9 फीट चौड़ी। रस्सी और पुली सिस्टम से चलने वाले लकड़ी के स्लूस गेट्स पानी को रोकते या बहाते थे, जबकि ऑक्टागोनल कमरे गार्डरूम या मदरसा के रूप में इस्तेमाल होते थे। फ्लैंक टावर और बुर्ज इसे मजबूत बनाते थे, मानो कोई प्राचीन इंजीनियरिंग का नमूना हो।

### दिल्ली में सीवर की जहरीली गैस से घुटा दम, एक सफाईकर्मी की मौत, तीन बीमार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रात के सन्नाटे में अचानक फैली जहरीली गैस ने एक आम सफाईकर्मी की जिंदगी छीन ली, जबकि उसके तीन साथी जिंदगी-मौत की जंग लड़ रहे हैं। यह हादसा दिल्ली के अशोक विहार इलाके में एक अपार्टमेंट के पास सीवर साफ करने के दौरान हुआ, जब रात करीब 12 बजे सब कुछ सामान्य लग रहा था। लेकिन अचानक निकली विषैली गैस ने एक मजदूर की जान ले ली।

#### रात को कर रहे थे सफाई

यह सब शुरू हुआ जब चार सफाईकर्मी रात के अंधेरे में अशोक विहार के एक अपार्टमेंट के पास जमा गंदगी भरे सीवर को साफ कर रहे थे। दिल्ली पुलिस के अनुसार, 40 वर्षीय अरविंद सबसे पहले सीवर में उतरा। तभी अचानक जहरीली गैस का गुबार फूट पड़ा, जो शायद मीथेन या सल्फर डाइऑक्साइड जैसी घातक गैसों से भरा था। अरविंद को तुरंत बेहोशी ने घेर लिया और वह सीवर के अंदर ही गिर पड़ा। उसके साथी घबरा गए, लेकिन बचाव की कोशिश में तीन अन्य भी गैस के शिकार हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल पर पहुंची टीम ने किसी तरह बाकी तीनों को बाहर निकाला, लेकिन अरविंद को बचाया नहीं जा सका। अरविंद की मौत के बाद उसके तीन साथियों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, वे जहरीली गैस के संपर्क में आने से सांस लेने में तकलीफ, उल्टी और चक्कर जैसी शिकायतों से जूझ रहे हैं। तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है और वे आईसीयू में निगरानी में हैं। यह घटना न सिर्फ इन मजदूरों की जिंदगी को दांव पर लगा देती है, बल्कि पूरे शहर के लिए एक चेतावनी भी है।

# पोलैंड का रूस पर हमला टायं-टायं फिस्स, अपना ही घर कर लिया तबाह!

### नाटो की सुरक्षा तैयारियों पर उठे सवाल

**पोलैंड, एजेंसी।** पोलैंड में अमेरिकी मूल के स्न-16 फाइटर जेट द्वारा दागी गई एआईएम-120 अम्राम मिसाइल अपने लक्ष्य यानी रूसी ड्रोन को मारने में नाकाम रही और गलती से वेरी नाम के एक कस्बे में एक घर पर जा गिरी। मिसाइल के गिरने से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि इसमें धमाका नहीं हुआ क्योंकि मिसाइल का सेफ्टी डिवाइस एक्टिव था। पोलैंड के राष्ट्रपति करोल नवरोकी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए और कहा कि रूस ही जिम्मेदार है क्योंकि ड्रोन उसी ने भेजे थे। पोलिश मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मिसाइल तकनीकी खराबी और गाइडेंस सिस्टम की असफलता की वजह से अपने लक्ष्य से भटक गई।

एआईएम-120 अम्राम मिसाइल को दुनिया की सबसे भरोसेमंद एयर-टू-एयर मिसाइल माना जाता है, जिसका इस्तेमाल कई नाटो देशों के फाइटर जेट करते हैं। इस घटना ने नाटो की सुरक्षा तैयारियों और अमेरिकी मिसाइल टेक्नोलॉजी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पोलैंड ने स्न-16 के साथ-साथ स्न-35 स्टील्थ जेट को भी रूसी ड्रोन मारने के मिशन पर भेजा था। पोलिश नेशनल सिक्योरिटी ब्यूरो ने कहा कि सरकार को वेरी शहर



की घटना पर तुरंत स्पष्टीकरण देना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी हथियार में तकनीकी गड़बड़ी, ऑपरेशनल प्रेशर या गाइडेंस सिस्टम फेल होने की संभावना रहती है, लेकिन ढ्रुरू 120 जैसी मिसाइल में ऐसी असफलता नाटो की सुरक्षा और हथियारों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाती है।

# चार्ली की हत्या के बाद टेलर ने अपनी ट्रांसजेंडर पार्टनर से कबूला था गुनाह

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली कर्क की सरेआम हत्या काफी चर्चा में है। 2 दिन की तलाश के बाद पुलिस ने चार्ली कर्क को मारने वाले टेलर रॉबिन्सन को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, चार्ली की हत्या के बाद टेलर ने अपनी ट्रांसजेंडर दोस्त के सामने अपना गुनाह कबूल किया था।

अमेरिकी अधिकारी लगातार टेलर से पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने जांच से जुड़ी कोई भी जानकारी साझा नहीं है। हालांकि, कोर्ट की फाइलों से पता चलता कि टेलर ने अपने दोस्त से चार्ली के बारे में बात की थी। टेलर ने चार्ली नाम लेते हुए लिखा था, मैं उससे बहुत नफरत करता हूं और कुछ नफरतों को बातचीत से हल नहीं किया जा सकता है।

**टेलर ने बताई हत्या की वजह:** टेलर की पार्टनर ने जब पूछा कि क्या यह कोई मजाक है, तो इसके जवाब में टेलर ने कहा, मैं बिल्कुल ठीक हूं। मैं किसी काम में व्यस्त हूं। मगर, मुझे घर आने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। मेरी राइफल मेरे हाथ में है। मैंने सोचा था यह राज मरते दम तक किसी ने नहीं बताऊंगा, लेकिन तुम्हें इसमें शामिल करने के लिए माफी मांगता हूं।




टेलर की पार्टनर ने पूछा कि क्या चार्ली कर्क की हत्या तुमने की है? इसके जवाब में टेलर ने कहा, मुझे माफ कर दो। टेलर ने चार्ली की हत्या की वजह बताते हुए कहा, कुछ चीजों के लिए नफरत ही काफी होती है और इसे बातचीत से हल नहीं किया जा सकता है।

**पिछले हफ्ते हुई थी चार्ली की मौत:** ट्रंप के करीबी और टर्निंग पॉइंट यूएसए के मालिक 31 वर्षीय चार्ली कर्क पिछले हफ्ते यूटा वैली यूनिवर्सिटी में संबोधन दे रहे थे। तभी 22 साल के टेलर ने चार्ली पर गोली चलाई, जो सीधे उनकी गर्दन में जा लगी और चार्ली ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

यूक्रेनी बच्चों को बनाया जा रहा 'रूसी'

# 200 कैंप बना कर रूस दे रहा मिलिट्री ट्रेनिंग; रिपोर्ट



**मास्को, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच बीते 3 सालों से जारी युद्ध के बीच हाल ही में सामने आई रिपोर्ट में हैरान करने वाले खुलासे हुए हैं। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जंग के बीच, रूस करीब 200 कैंप्स लगाकर यूक्रेनी बच्चों को ट्रेनिंग के जरिए 'रूसी' बना रहा है। यह बातें येल स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के ह्यूमैनिटेरियन रिसर्च लैब (एचआरएल) द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में कही गई हैं। स्टोलेन किड्स ऑफ यूक्रेन नाम की इस रिपोर्ट के मुताबिक इन शिविरों में से आधे से ज्यादा का प्रबंधन रूसी सरकार खुद करती है। कथित तौर पर इन 200 कैंप्स से आधे से ज्यादा फैसिलिटी में बच्चों को अलग तरह की शिक्षा दी जाती है। वहीं 18 फीसदी कैंप्स में उन्हें मिलिट्री ट्रेनिंग दी जाती है। रिपोर्ट में यह दावा भी किया गया है कि इनमें से कुछ सुविधाओं में आठ साल की उम्र के बच्चों को भी हथियारों का प्रशिक्षण दिया जाता है। बच्चों को ग्रेनेड फेंकने की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भी कहा जाता है।

#### ब्रेनवॉश करने की योजना?

रिपोर्ट में अलग अलग-जगहों का भी जिक्र है जहां यूक्रेनी बच्चों को ले जाया गया है। इनमें कैडेट स्कूल, सैन्य अड्डा, हेल्थ फैसिलिटी, धार्मिक स्थल, स्कूल और विश्वविद्यालय, होटल, अनाथालय और ट्रेनिंग कैंप का शामिल हैं। द गार्जियन ने रिपोर्ट पब्लिश करने वाले एचआरएल के निदेशक नथानिएल रेमंड के हवाले से बताया, यह एक बड़ा नेटवर्क है, जिसे स्पष्ट रूप से यूक्रेनी बच्चों को रूसी बनाने के लिए बनाया गया है। उन्होंने आगे कहा, यह यूक्रेन के बच्चों को फिर से शिक्षित करने, उनका ब्रेनवॉश करने और उन्हें सैनिक बनाने की एक योजना है।

#### पुतिन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट

बता दें कि 2023 में एक जांच के बाद, इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूस की चिल्ड्रेन कमिश्नर मारिया रवोवा-बेलोवा पर यूक्रेन से बच्चों के सामूहिक अपहरण का आरोप लगाया था। जांच के बाद, पुतिन के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया

### ईरान ने 8वें इजराइली शाहबाजी को जासूसी के लिए दी फांसी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने बुधवार को कहा कि उसने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोपी व्यक्ति को फांसी दे दी है। बहरहाल, कार्यकर्ताओं का कहना है कि आरोपी व्यक्ति को यातना देकर झूठे अपराध स्वीकार करवाए गए। न्यायपालिका की मीज़ान समाचार एजेंसी ने मृतक की पहचान बाबक शाहबाजी के रूप में की और दावा किया कि उसने ईरानी डेटा केंद्रों व सुरक्षा ठिकानों की संवेदनशील जानकारी इकट्ठा की तथा उन्हें इजराइली एजेंटों को बेचा था। वहीं, कार्यकर्ताओं का कहना है कि शाहबाजी को इसलिए गिरफ्तार किया गया था क्योंकि उसने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को पत्र लिखकर मदद की पेशकश की थी।

गौरतलब है कि ईरान ने रूस को ड्रोन उपलब्ध कराए हैं, जिनका इस्तेमाल मास्को ने यूक्रेन पर हमलों में किया। मानवाधिकार संगठन 'ईरान ह्यूमन राइट्स ने पहले ही चेतावनी दी थी कि शाहबाजी को फांसी दी जा सकती है। संगठन ने कहा, ''बाबक का राष्ट्रपति जेलेंस्की को युद्ध में मदद की पेशकश करने वाला संदेश, ईरान की ओर से इजराइल के लिए जासूसी का सबूत बताया गया। उन्होंने यह भी कहा कि बाबक को माइक्रोसॉफ्ट वर्ड का इस्तेमाल करना इजराइल ने सिखाया। हालांकि, ईरान ने इस दावे को स्वीकार नहीं किया।

ईरान ने यह स्पष्ट नहीं किया कि शाहबाजी को कैसे मृत्युदंड दिया गया, लेकिन आमतौर पर दोषियों को फांसी



पर लटकाया जाता है। ईरान ने इजराइल के साथ 12 दिन के युद्ध के दौरान जासूसी के आरोप में आठ लोगों को फांसी दी है। हाल में इजराइल और ईरान के बीच 12 दिन का युद्ध हुआ था जिसमें इजराइल के हवाई हमलों से करीब 1,100 लोग मारे गए, जिनमें कई सैन्य कमांडर भी शामिल थे। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमले किए थे।



# काजोल की बेटी को लॉन्च करना चाहते हैं करण जौहर!

## एक्ट्रेस बोलीं- न्यासा के फिल्मों में डेब्यू के लिए 1-2 फोन आए हैं

काजोल और अजय देवगन की बेटी न्यासा सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं। उनकी तस्वीरें और वीडियो अक्सर वायरल हो जाते हैं। न्यासा अपनी जिंदगी काफी प्राइवेट रखती हैं, लेकिन पैपराजी और उनके फैन अकाउंट्स पर वह नजर आ जाती हैं।

न्यासा के बॉलीवुड में आने की अफवाहें अक्सर चलती रहती हैं। हाल ही में शुभंकर मिश्रा को दिए इंटरव्यू में काजोल से सवाल पूछा गया कि क्या उनकी बेटी को लॉन्च करने के लिए दोस्तों या करण जौहर का कभी फोन आया है?

जिस पर काजोल ने कहा, 1-2 फोन आए हैं। यानी कुछ लोग न्यासा को फिल्मों के लिए अप्रोच कर चुके हैं।

हालांकि, काजोल आगे यह भी कहा, अभी मुझे लगता है कि मेरी बेटी बिल्कुल फिल्मों में नहीं आ रही है। अगर वह जो भी करना चाहेगी, तो हमें बताएगी। हम उसके साथ सौ प्रतिशत खड़े रहेंगे, जो भी वह करना चाहे। वहीं,इससे पहले भी न्यूज18 के साथ बातचीत में काजोल ने कहा था कि उनकी बेटी फिल्मों में अभी आने का बिल्कुल इरादा नहीं रखती। उन्होंने कहा, बिल्कुल नहीं.. वह अब 22 साल की हो गई हैं और उन्होंने तय कर लिया है कि अभी फिल्मों में नहीं आएंगी।

वहीं, अजय देवगन ने कॉफी विद करण के सीजन 8 पर कहा था, अभी वह एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती। मुझे नहीं लगता कि वह बनना चाहती है, लेकिन अगर भविष्य में कुछ बदलता है, तो लोग 20 साल पुराना इंटरव्यू खोज निकालेंगे और दिखाएंगे।



# 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल से बाहर हुई दीपिका पादुकोण

## मेकर्स ने कहा- सही पार्टनरशिप नहीं बन पाई, फिल्म को चाहिए पूरी कमिटमेंट

फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के मेकर्स ने आधिकारिक रूप से घोषणा की है कि एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अब इसके सीक्वल का पार्ट नहीं होंगी।

एक्स पर पोस्ट करते हुए टीम ने कहा, गहराई से सोचने के बाद हमने अलग होने का फैसला किया है। पहली फिल्म की लंबी यात्रा के बावजूद हम सही पार्टनरशिप नहीं बना पाए। और 'कल्कि 2898 एडी' जैसी फिल्म को पूरी कमिटमेंट और उससे भी ज्यादा की जरूरत है। हम उन्हें उनके आने वाले कामों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

बता दें कि इस फिल्म में प्रभास और अमिताभ बच्चन नजर आने वाले हैं। फिल्म का डायरेक्शन नाग अश्विन कर रहे हैं। फिल्म कल्कि 2898 एडी 27 जून 2024 को रिलीज हुई थी। पहली फिल्म की कहानी महाभारत के कुरुक्षेत्र युद्ध के अंत से शुरू होकर 2898 एडी के भविष्य तक जाती है। 'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट थी और दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की।

**फिल्म स्पिरिट से बाहर हुई थीं दीपिका पादुकोण**–बता दें कि इससे पहले दीपिका पादुकोण संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट से बाहर हुई थीं। कथित रूप से दीपिका की तरफ से आठ घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस, प्रॉफिट में हिस्सा और तेलुगु में डायलॉग न बोलने जैसी डिमांड शामिल थी। दीपिका 2024 के सितंबर में मां बनी हैं इसलिए वो कथित रूप से हफ्ते में बस 5 दिन आठ घंटे की शिफ्ट चाहती थीं। एक्ट्रेस की इन सारी मांगों से संदीप खुश नहीं थे। जिसके बाद उनको फिल्म से बाहर किया गया था।

# 'मिराय के लिए 8 महीने तक निंजा तलवारबाजी सीखी

## एक्टर मनोज मांचू बोले- भगवान राम से लड़ने का किरदार आसान नहीं था

रॉकिंग स्टार मनोज मांचू इस बार एक खलनायक के रूप में दर्शकों को चौंका रहे हैं। उनकी फिल्म 'मिराय 100 करोड़ रुपए से ऊपर का कलेक्शन कर चुकी है। हाल ही में उन्होंने अपने किरदार और साउथ सिनेमा के बदलते परिदृश्य पर खुलकर बात करते हुए बताया कि 'मिराय के लिए 8 महीने तक निंजा तलवारबाजी सीखी है। एक्टर ने बताया कि अब कोई साउथ या नॉर्थ नहीं रह गया, बल्कि सिर्फ सिनेमा है।

**'मिराय में आप पहली बार एक नकारात्मक किरदार में हैं। इसकी क्या खासियत है?**–यह किरदार सिर्फ इंसानों से नहीं, बल्कि सीधे भगवान राम से लड़ रहा है। 'रामा वर्सेस लामा का यह कॉन्सेप्ट ही मुझे इस किरदार के लिए सबसे ज्यादा आकर्षित करने वाली बात थी। मैं खुद भगवान का बड़ा भक्त हूं और मुझे लगा कि एक अभिनेता के रूप में यह मेरे लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसी कहानियों से हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को बहुत कुछ सिखा सकते हैं।

**महावीर लामा या 'द ब्लैक स्वॉर्ड के किरदार में आपके लिए सबसे बड़ी चुनौती क्या थी?**–शुरुआत में मेरे लिए यह बहुत मुश्किल था क्योंकि मुझे भगवान के खिलाफ बोलना था। मेरे किरदार का मानना है कि दुनिया में कोई भगवान नहीं है। वह एक ऐसी दुनिया बनाना चाहता है जहां कोई जाति, धर्म, या अमीर-गरीब का भेद न हो, जहां सब बराबर हों। मुझे डर था कि कहीं मैं अपनी बात रखते हुए भावनाओं को ठेस न पहुंचा दूं, लेकिन जब निर्देशक कार्तिक गट्टामनेनी सर ने मुझे पूरी कहानी और संवाद समझाए, तो मेरा डर खत्म हो गया। उन्होंने इसे बहुत सावधानी से संभाला, बिना किसी का अनादर किए।

**इस किरदार के लिए कोई खास ट्रेनिंग या तैयारी की?**–हां, मैंने 8 महीने तक तलवारबाजी की कड़ी ट्रेनिंग ली। मैं अपनी पिछली फिल्मों में भी असली स्टंट के लिए जाना जाता हूं, लेकिन इस फिल्म ने मुझे निंजा तलवारबाजी सीखने का मौका दिया। यह मेहनत रंग लाई और अब मेरे पास तलवार और लाठी चलाने जैसे दो नए हुनर हैं। यह मेरे द्वारा निभाए गए सबसे महान किरदारों में से एक है और मुझे उम्मीद है कि यह हमेशा मेरे फिल्म करियर में सबसे ऊपर रहेगा। मुझे उम्मीद है कि यह मुझे भविष्य में ऐसे और भी महान किरदार निभाने का मौका देगा।





# बनारस में शुरू होगी फिल्म मिर्जापुर की शूटिंग

## शरद शुक्ला का किरदार निभाने वाले एक्टर बोले- सीरीज के सीजन वन की टाइमलाइन पर आधारित होगी मूवी

इस महीने की आखिर से बनारस में मिर्जापुर फिल्म की शूटिंग शुरू हो रही है। यह देश का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है, जो सेम टाइटिल, कलाकारों और किरदारों की वेब सीरीज से फिल्म में तब्दील हो रही है। इसमें एक अहम किरदार शरद शुक्ला का है, जिसकी सीधी जंग त्रिपाठी परिवारों के साथ है। साथ में टकराव गुड्डू पंडित और बबलू पंडित से भी है। शरद को अंजुम शर्मा ने प्ले किया है। अंजुम ने मिर्जापुर फिल्म को लेकर खास खास बातें साझा की हैं। पेश हैं प्रमुख अंश:-

**यह प्रयोग भारतीय सिने इतिहास में शायद पहली बार हो रहा है। इसके बारे में कुछ दिलचस्प बातें बता सकते हैं?**

बिल्कुल ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। निर्माताओं के लिए भी यह एक बहुत बड़ी चुनौती है, क्योंकि उनके पास कोई रेफरेंस पॉइंट नहीं है। ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी इतने लोकप्रिय शो पर कोई फिल्म बनाई गई हो।

**तो क्या यह फिल्म मूल सीरीज के पहले दो सीजन की कहानियों को मिलाकर बनाई गई है?**

नहीं, ऐसा नहीं है। इसकी कहानी मुख्य रूप से सीजन 1 की टाइमलाइन पर आधारित होगी, लेकिन इसकी कहानी एकदम नई और अलग होगी। यह एक अलग समानांतर कहानी है।

**क्या यह नई कहानी सीज न 1 की कहानी से मेल खाएगी?**

नहीं, बिल्कुल नहीं। इसे इस तरह से लिखा गया है कि जब आप फिल्म देखेंगे, तो यह सीजन 1 की कहानी से बिल्कुल नहीं टकराएगी। ऐसा नहीं लगेगा कि अरे, वहां तो ऐसा हुआ था। यह अपने आप में एक अलग कहानी है। उदाहरण के लिए, अगर सीजन 1 की कहानी में आपने सोमवार, बुधवार और शुक्रवार के घटनाक्रम देखे, तो यह फिल्म उसी हफ्ते की मंगलवार, गुरुवार और शनिवार की कहानी होगी। यानी, आप उसी समय में हैं, लेकिन एक अलग रास्ते पर गए हैं।

**लेकिन क्या किरदारों के नाम और उनकी पहचान वही रहेगी?**

हां, किरदार बिल्कुल वही रहेंगे। उनके नाम और पहचान में कोई बदलाव नहीं है। सिर्फ घटनाक्रम थोड़ा अलग होगा।

**तो इसका मतलब क्या यह जौनपुर और मिर्जापुर के बीच के संघर्ष पर केंद्रित होगी?**

हां, मोटे तौर पर कह सकते हैं कि यह कहानी मिर्जापुर बनाम जौनपुर के संघर्ष को बहुत ही प्रमुखता से दिखाएगी। इस फिल्म में जो भी नयापन आएगा, वह इसी पुराने विवाद से ही निकलेगा। जो मेरा किरदार शरद शुक्ला का है, उसके इर्द गिर्द भी कहानी काफी बड़े स्तर पर घूमती है। दरअसल मेकर्स फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने यही वजह भी जाहिर की थी मुझे फिल्म में कास्ट करने की। वर्ना वेब सीरीज के तीसरे सीजन में तो मेरा किरदार मर चुका था। पर फिल्म के लिए उसे वापस लाया गया।

**क्या इस फिल्म में कोई नया, बड़ा किरदार भी है?**

हां, एक नया और दिलचस्प किरदार है, जो खलनायक जैसा है। वह भी इसी पुराने संघर्ष से जुड़ा हुआ है। यह मैं कह सकता हूं कि उसका जन्म भी उसी जौनपुर और मिर्जापुर के कॉन्फ्लिक्ट से होता है। जो रविकिशन प्ले कर रहें हैं।

**क्या यह नया किरदार आपके किरदार का कोई रिश्तेदार है?**

सीधे तौर पर रिश्तेदार तो नहीं है, लेकिन हां, उन किरदारों से उसका एक गहरा संबंध है। जब आप फ़िल्म देखेंगे, तो आपको समझ आएगा कि यह नयापन भी मौजूदा विवादों से ही निकल रहा है, ताकि दर्शक उससे जुड़ाव महसूस कर सकें।

**वेब सीरीज में काफी खुलकर खेलने की छूट होती है, फिल्म में सेंसरशिप का क्या असर होगा? क्या इसमें गाली-गलौज, हिंसा या बोल्ड सीन होंगे?**

हां, ये सब फिल्म के प्रारूप के हिसाब से ही होगा। मुझे पूरा यकीन है कि निर्माताओं ने इस बात का ध्यान रखा होगा। वैसे भी, मिर्जापुर सीजन दर सीजन थोड़ा कम होता गया। सीजन 3 में ये सब चीजें पहले से बहुत कम हो गई थीं।

# मिस इंडिया कॉन्टेस्ट के दौरान रो पड़ीं थीं सुष्मिता सेन

## प्रहलाद कक्कड़ ने कहा- उन्हें लगता था ऐश्वर्या राय के पक्ष में फिक्स है कॉन्टेस्ट




मिस इंडिया 1994 को भारतीय ब्यूटी पेजेंट्स के इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा। इस साल भारत को एक साथ दो इंटरनेशनल खिताब मिले। सुष्मिता सेन ने मिस यूनिवर्स और ऐश्वर्या राय ने मिस वर्ल्ड का ताज जीता। दोनों ही आगे चलकर हिंदी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस बनीं।

हाल ही में फिल्ममेकर प्रहलाद कक्कड़ ने इस कॉन्टेस्ट से जुड़े कई किस्से शेयर किए। उन्होंने बताया कि मिस इंडिया खिताब जीतने से पहले सुष्मिता को लगता था कि ऐश्वर्या विनर बनेंगी।

प्रहलाद कक्कड़ ने बताया कि उस समय सुष्मिता को लगता था कि मिस इंडिया कॉन्टेस्ट ऐश्वर्या राय के पक्ष में फिक्स है।

विक्की लालवानी के साथ बातचीत में प्रहलाद कक्कड़ ने बताया, सुष्मिता को यह सोचकर दुख होता था कि वह नई हैं और किसी को नहीं जानतीं, जबकि ऐश्वर्या पहले से लैक्मे गर्ल और टॉप मॉडल थीं। इसी वजह से सबका ध्यान उन्हीं पर था। उन्होंने बताया कि एक बार उन्होंने सुष्मिता को चेंजिंग रूम में रोते देखा। प्रहलाद ने कहा,मैं याद करता हूं, मैं अचानक चेंजिंग रूम में गया। सुष्मिता एक कोने में रो रही थीं। मैंने पूछा - क्या हुआ? तो उन्होंने कहा - सब फिक्स है। मैं कभी नहीं जीतूंगी। मैंने कहा - तुम बेवकूफ हो क्या? देखो ज्यूरी को, क्या तुम सोचती हो उन्हें कोई खरीद सकता है? ऐसा मत सोचो। अगर तुम डिजर्व करती हो तो जीतोगी। बस जाकर अपना बेस्ट दो।

प्रहलाद के अनुसार, बाद में सुष्मिता ने कॉन्टेस्ट जीता और उन्हें फोन कर इस हिम्मत बढ़ाने वाली बात के लिए धन्यवाद भी दिया।

प्रहलाद कक्कड़ ने यह भी साफ किया कि उस समय कई मीडिया रिपोर्टों में ऐश्वर्या और सुष्मिता के बीच कड़ी प्रतिद्वंद्विता की बात कही गई थी। हालांकि, उनके अनुसार, ऐसा नहीं था। कक्कड़ ने कहा, असलियत यह थी कि ऐश्वर्या उस वक्त नई थीं। उनका करियर अभी शुरू ही हुआ था। वह थोड़ी रॉ थीं। जबकि सुष्मिता ज्यादा पॉलिश्ड थीं क्योंकि उन्होंने कॉन्वेंट स्कूल से पढ़ाई की थी। इसी वजह से जब इंग्लिश में सवाल-जवाब हुआ तो सुष्मिता का प्रदर्शन बेहतर रहा। ऐश्वर्या उतनी फ्लूएंट नहीं थीं। प्रहलाद ने आगे बताया कि ऐश्वर्या शुरुआत में इंग्लिश बोलने में सहज नहीं थीं।

उन्होंने कहा, करियर के शुरुआती दौर में उन्हें इंग्लिश में खुद को संभालने का कॉन्फिडेंस नहीं था। इसलिए वह इंटरव्यू तुलु, कोंकणी और हिंदी में देती थीं, लेकिन इंग्लिश में नहीं। लोग समझते थे कि वह रूड हैं। जबकि सच्चाई यह थी कि वह डरती थीं।

# दंबग में सोनू सूद से इनसिक्योर थे सलमान खान


## अभिनव कश्यप बोले- कटरीना के समझाने पर माने; कुछ दिन पहले ही एक्टर को कहा था गुंडा



हाल ही में सलमान खान की फिल्म 'दबंग' को 15 साल पूरे हुए है। इस फिल्म के डायरेक्टर अभिनव कश्यप पिछले कुछ समय अलग-अलग इंटरव्यू में सलमान खान के साथ काम करने का अनुभव शेयर कर रहे हैं। उन्होंने अपने सारे ही इंटरव्यू में सलमान खान के साथ काम करने के अनुभव को बुरा बताया है। अब एक हालिया इंटरव्यू में अभिनव ने एक्टर को छिछोरा और मवाली कहा है। इसके साथ ही ये भी कहा कि सलमान दबंग में सोनू सूद से इनसिक्योर थे। बॉलीवुड ठिकाना को दिए इंटरव्यू में अभिनव ने कहा कि पूरी फिल्म में उनसे पूछकर कोई कास्टिंग नहीं हुई थी। उनकी तरफ से सिर्फ विलेन के रोल के लिए सोनू सूद का नाम सजेस्ट किया गया था। वो कहते हैं- 'मेरी तरफ से एक ही नाम की सलाह दी गई थी, वो सोनू सूद था। क्योंकि सोनू मेरा बहुत पुराना दोस्त था। मैंने उन्हें मणिरत्नम की फिल्म युवा में कास्ट करने में मदद की थी। मुझे लगा कि वो बिल्कुल युवा अमिताभ बच्चन जैसे दिखते हैं। विलेन के लिए मैं किसी ऐसे व्यक्ति को चाहता था जो सलमान से अधिक ताकतवर दिखे। मुझे पता था कि सोनू की बॉडी अच्छी है, लेकिन सलमान ज्यादा उत्सुक नहीं था। वह बहुत इनसिक्योर थे, क्योंकि सोनू की अच्छी बॉडी थी। कैटरीना ने उन्हें मनाने में मदद की। उन दिनों वह सलमान के घर पर रहती थीं और उन्होंने सोनू को फिल्म में लेने के सुझाव को सपोर्ट किया।'

बता दें कि हाल ही में द स्क्रीन को दिए इंटरव्यू में दबंग डायरेक्टर अभिनव कश्यप ने सलमान खान को गुंडा कहा था।

# योगी जी से मिले बिना फिल्म बना दी-प्रोड्यूसर अजय मेंगी बोले- किसी को प्रोपेगेंडा मूवी लगी तो टिकट के पैसे वापस कर दूंगा




सीएम योगी आदित्यनाथ के जीवन पर बनी फिल्म 'अजेय: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को लेकर प्रोड्यूसर-एक्टर अजय मेंगी ने हाल ही में खास बातचीत की। अजय ने बताया कि योगी जी से मिले बिना ही पूरी फिल्म बना दी। अगर यह फिल्म किसी को प्रोपेगेंडा लगती है तो उसके टिकट के पैसे वापस कर देंगे।

**सवाल- 'अजेय: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' के बारे में क्या कहना चाहेंगे?**

**जवाब**- सम्राट सिनेमैटिक प्रोडक्शन के माध्यम से यहां की मिट्टी से जुड़ी कहानियां बताने आए हैं। ऋषि मुनि समाज के लिए क्या सुधार कर सकते हैं। जब मैंने पढ़ना शुरू किया तो सबसे बाद बदलाव मुझे उत्तर प्रदेश में नजर आया। आज से 7-8 साल पहले उत्तर प्रदेश इकोनॉमली आठवें पोजिशन में था। आज नंबर वन है। पहले क्राइम की वजह से महिलाएं खुलकर नहीं घूम पाती थीं। जब मैंने इसके बारे में पढ़ना शुरू किया तब समझ में आया कि कैसे उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ जी ने पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम किया है। इस फिल्म की कहानी शांतनु गुप्ता की किताब द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर पर आधारित है।

**सवाल- इस फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ पत्रकार और अनंत जोशी, योगी जी का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म की कास्टिंग किस तरह से हुई?**

**जवाब**- हम ऐसे ही किरदारों की तलाश में थे जो जमीन से जुड़े हुए हों। दिनेश लाल यादव जमीन से जुड़े हुए इंसान हैं। वह खुद खेतों में हल चला चुके हैं, उन्होंने कई तरह के संघर्ष किए हैं, इसलिए दर्शकों का प्यार उन्हें मिलता है। रही बात अनंत जोशी की, तो वह उत्तराखंड से हैं। उनका उनका व्यक्तित्व भी कुछ-कुछ वैसा ही है। फिल्म के बाकी सभी कलाकारों ने भी बहुत ही मेहनत की है।

### रानी नानी बाई रो मायरे कथा आज से शुरू :

# नरसी मेहता के जन्म की कथा का वर्णन - सरोज प्रीयाजी

द डेस्प्रिंग

**नगराज वैष्णव ।** रानी में धर्मवीर मैदान के पास गणेश आश्रम प्रताप बाजार में आज से नानी बाई के मायरे का शुभारम्भ हुआ व्यास पीठ पूजन के बाद मायरा प्रवक्ता सरोज प्रिया जी नरसी मेहता के जन्म की कथा का वर्णन ओर पूर्व जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जीवन मे समय कब बदल जाये ये किसी को पता नही नरसी के जीवन मे उतार चढ़ाव के बाद नरसी जी ने गुरु बनाया जीवन मे आगे बढ़ने के लिए गुरु बनाना आवश्यक है नरसी मेहता ने गुरु देव की बात का विश्वास करके शिव भक्ति की ओर शिव जी ने नरसी जी को कृष्ण से मिलाकर महारास के दर्शन करवा दिए नरसी जी ने संदेश दिया कि भगवान को ही अपना सब कुछ मान लेने पर भक्त के सारे काम भगवान ही करते हैं बस विश्वास मजबूत होना चाहिए नरसी जी का विश्वास मजबूत था जब नरसी जी की बेटी नानी बाई के मायरे के लिए पत्र आया तो नरसी जी ने सावरिया सेठ को पत्र देकर मायरे के लिए कहा और परिवार वालो से भी मांग रखी उसका वर्णन किया, पंडाल मे मधुर भजनों पर भक्त झूम उठे, कृष्ण मुरारी प्रेम परिवार के मंगलाराम ने बताया कि कल नरसी जी मायरे की तैयारी करंगे रानी मारवाड विद्यायक केसारामजी चौधरी ने कथा मे भाग लिया गुरुजी कृष्ण मुरारी तथा गुरु माता सरोज प्रीया जी का आर्शीवाद लिया ! विधायक ने कहा बेटिया घर से भाग कर शादि कर रही है इस पर विधान सभा मे बिल लाया जाएगा !



### ग्राम पंचायत थालड़का के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कि हॉकी 17 वर्षीय छात्र वर्ग टीम विजेता और 17 वर्षीय छात्रा उपविजेता दोनों टीमों का विद्यालय परिसर में स्वागत समारोह का आयोजन

## थालड़का सरकारी स्कूल की खेलों की टीमें लगातार जिले में परचम लहरा रही है, पूरे गांव में खुशी का माहौल

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी) ।** ग्राम पंचायत थालड़का के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थालडका कि 17 वर्षीय छात्र वर्ग हॉकी टीम ने विजेता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया और 17 वर्षीय छात्रा वर्ग हॉकी टीम उपविजेता रही है। आपको बतादें कि 30 वीं जिला स्तरीय 17 वर्षीय छात्र वर्ग हॉकी प्रतियोगिता हनुमानगढ़ टाउन में हुई थी जिसमें कुल 6 टीमों ने भाग लिया ।उसमें फाइनल मुकाबला थालड़का और सोनड़ी के मध्य खेला गया जिसमें गांव की टीम 2-0 से हारकर सीरीज पर कब्जा कर विजेता हासिल की और 17 वर्षीय छात्रा वर्ग उपविजेता रही। विजेता और उपविजेता टीमों का गुरुवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज सिंघल, प्रधानाचार्या राजल चौधरी, ग्रामीण सुशील जोशी भाजयुमो जिला अध्यक्ष, बृजलाल शर्मा, रामप्रताप गोदारा,शीशराम स्वामी, सुभाष सुथार,बृजलाल अध्यापक (दादा गुरु), अनिल खोड़, टेकचंद, सुभाष नोखवाल, साहब राम लोहरा आदि मौजूद रहे।इस मौके पर ग्राम वासियों द्वारा वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अनिल बेनीवाल का साफा व माला पहनाकर स्वागत एवं धन्यवाद किया गया।हॉकी टीम कोच पवन लोहरा ,अंकित नाई,अमन लोहरा,आशीष लोहरा व साहब राम लोहरा,कृतिका गोदारा व मंजू वर्मा का टीम के खिलाड़ियों द्वारा साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।ग्राम वासियों द्वारा विद्यालय स्टाफ में से टीम प्रभारी अमरदीप पूनिया, पुष्पा सहारण, कैलाश राजल चौधरी व अनिल बेनीवाल का माला पहनाकर स्वागत किया। अमरदीप ने प्रभारी के रूप में अपने अनुभव को मंच के माध्यम से साझा किया व बच्चों को अनुशासन की सलाह दी। इसी दौरान वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अनिल बेनीवाल ने अपने विद्यालय की टीमों की उपलब्धियां के बारे में बताया जिसमें फुटबॉल में 17 वर्ष छात्र वर्ग व 19 वर्षीय छात्रा वर्ग उपविजेता रहे। वही हॉकी में 14 वर्षीय छात्रा ,17 वर्षीय छात्र विजेता तथा 17 वर्षीय छात्रा उपविजेता रही।साथ ही साइकिलिंग में 4 स्वर्ण पदक भी जीते। जिसमें रजनीश पुत्र पालाराम सहारण तथा दीक्षा पुत्री विनोद कुमार विजेता रहे।इस मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष सुशील जोशी ने खेल कमेटी में 11000 प्रतिवर्ष आर्थिक सहयोग देने की शुरुआत की। इसी कड़ी में समाजसेवी शीशराम स्वामी ने 5100 प्रतिवर्ष व समाजसेवी सुभाष सुथार ने 5100 प्रति वर्ष खेल कमेटी में देने की घोषणा की। प्रधानाचार्य मनोज ने ग्राम वासियों व खिलाड़ियों का आभार एवं धन्यवाद दिया। मंच संचालन इंद्राज व्याख्याता ने किया व विद्यार्थियों को खेल में अनुशासन का महत्व बताया। और विजेता टीम गांव में पहुंचने पर ढोल नगाड़ों एवं गुलाल लगाकर मिठाइयां बांट करके खेल प्रेमियों ने खुशियां जाहिर की और गांव में विजय जुलूस निकालकर खुशियां जाहिर की गई। इस मौके पर काफी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



# ओउमाश्रय सेवा धाम में श्रद्धांजलि समारोह, परिवारों ने दी भेंट

**स्व. शिव चरण गुप्ता, द्रोपदी सिंह, जगदीश नारायण शर्मा, कौशल्या देवी भाटिया व स्व. राजीव कुमार शर्मा की पुण्यतिथियों पर परिवारजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर की आर्थिक व सामग्री भेंट**







द डेस्प्रिंग

**धौलपुर ।** ओउमाश्रय सेवा धाम में गुरुवार को श्रद्धांजलि व भेंट समर्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें कई परिवारों ने अपने स्वजन की स्मृति में योगदान दिया।

हिण्डोन के स्व. शिव चरण गुप्ता की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र वरिष्ठ रेलवे अधिकारी अनिल कुमार व परिवारजनों ने 3100 रुपये भेंट किए। स्व. द्रोपदी सिंह की स्मृति में उनके पुत्र डॉ. राजेश सिंह, उपनिदेशक एफएसएल जयपुर ने 2500 रुपये समर्पित किए। स्व. जगदीश नारायण शर्मा की पुण्यतिथि पर पुत्र हरी किशन शर्मा ने भोजन प्रसादी हेतु 1100 रुपये भेंट किए। स्व. रतनलाल भाटिया की धर्मपत्नी कौशल्या देवी भाटिया की पुण्यतिथि पर माताजी डॉ. करण भाटिया (पूर्व वाइस चांसलर, पूर्णिमा विश्वविद्यालय जयपुर) की ओर से 1500 रुपये भोजन प्रसादी निमित्त दिए गए। वहीं आईटी प्रोफेशनल तनुज शर्मा ने अपने पिताजी स्व. राजीव कुमार शर्मा की पुण्यतिथि पर घी, तेल, दाल, चावल आदि सामग्री भेंट की। इस अवसर पर भगवान दास गर्ग (बाड़ी वाले) ने संचालन सहयोग किया तथा स्थानीय निवासी बहादुर सिंह (द्वारिका अपार्टमेंट) भी उपस्थित रहे। ओउमाश्रय परिवार ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## युवाओं के लिए विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग की शुरुआत, प्रधानमंत्री के साथ संवाद का मौका, 15 अक्टूबर तक आवेदन

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ / ( विनोद चौधरी )।** माय भारत पोर्टल पर आयोजित 'विकसित भारत क्विज' देश के भविष्य को आकार देने वाले युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD) 2026 के तहत एक राष्ट्रव्यापी पहल है। यह क्विज 12 भाषाओं में आयोजित की जा रही है, जिसमें युवाओं के ज्ञान और विकसित भारत के प्रति दृष्टिकोण को परखा जाएगा। गुरुवार को हनुमानगढ़ में जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव, एसडीएम मांगीलाल सुथार और जिला युवा अधिकारी भूपेंद्र शेखावत ने प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने विचार सामने लाने का आह्वान किया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागी युवाओं को सबसे पहले माय भारत पोर्टल पर आयोजित प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लेना होगा। उसके बाद चयनित युवाओं को निबंध प्रतियोगिता और अन्य चरणों में भाग लेना होगा। विजेता युवाओं को अपने विचार सीधे प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।



### 15 से 29 वर्ष के युवा होंगे पात्र

जिला युवा अधिकारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं के लिए है। इसमें शामिल होकर युवा न केवल अपने विचार साझा कर सकेंगे, बल्कि नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन भी कर पाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 तय की गई है। प्रतियोगिता में विजेता 10 हजार प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती परीक्षा के सफल आयोजन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

**जिले में 03 दिवस में 6 चरणों में लगभग 96 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल**

द डेस्प्रिंग

**भरतपुर / रविन्द्र सक्सेना।** राजस्थान कर्मवारी चयन बोर्ड 19 सितम्बर से 21 सितम्बर तक आयोजित होने वाली चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती परीक्षा के सफल आयोजन के सम्बन्ध में अतिरिक्त कलक्टर घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त कलक्टर ने बताया कि जिसमें जिला भरतपुर एवं धौलपुर जिले से 03 दिवस में 6 चरणों में लगभग 96 हजार परीक्षार्थी भरतपुर जिला मुख्यालय पर परीक्षा देंगे। प्रतिदिन लगभग 32 हजार परीक्षार्थी भरतपुर शहर में रहेंगे जिनकी यातायात एवं परिवहन व्यवस्था माकूल किया जाना आवश्यक है।डॉ. सुरेश त्रिवेदी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामवासियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और संकल्प लिया कि वे अपने गाँव को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।



# जाट समाज सीकर ने नरेश मीणा के आंदोलन को दिया पूर्ण समर्थन

### सरकार जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो यह आंदोलन और व्यापक रूप लेगा

द डेस्प्रिंग

**सीकर।** जाट समाज सीकर, राजस्थान की ओर से समाज के संरक्षक नरेंद्र धायल गुरूवार को जयपुर स्थित शहीद स्मारक पहुंचे, जहां वर्तमान में नरेश मीणा छात्र हितों एवं जनहित के मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण धरने पर बैठे हुए हैं। नरेंद्र धायल ने जाट समाज की ओर से भाई नरेश मीणा को औपचारिक समर्थन पत्र सौंपते हुए स्पष्ट किया कि जाट समाज, सीकर इस आंदोलन के साथ मजबूती से खड़ा है। नरेंद्र धायल ने बताया कि भाई नरेश मीणा एक जुझारू जनसेवक हैं, जो वर्षों से जनता की वाजिब मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान आंदोलन जिन मासूम बच्चों की विद्यालय में शहीद जैसी स्थितियों में मृत्यु हुई, उनके परिजनों को न्याय दिलाने के लिए है। उन्होंने मांग की हैं कि सरकार प्रत्येक शहीद छात्र के परिवार को 50 लाख का मुआवजा दे तथा मीणा की सभी न्यायोचित मांगों को अविलंब पूरा करे। जाट समाज ने यह भी कहा कि यदि सरकार जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो यह आंदोलन और व्यापक रूप लेगा, जिसमें समाज के सभी वर्ग नरेश मीणा के साथ खड़े रहेंगे यह केवल नरेश मीणा का आंदोलन नहीं, यह हर उस नागरिक की आवाज है जो न्याय, समानता और पारदर्शिता में विश्वास रखता है। जाट समाज का यह रुख स्पष्ट है कि ÷जनता की आवाज़ उठाने वाले के साथ अन्याय हुआ तो चुप नहीं बैठेंगे यदि सरकार ने मांगे नहीं मानीं, तो हम भी भाई नरेश मीणा के साथ राज्यव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

समर्थन में नरेंद्र धायल संरक्षक, जाट समाज सीकर सांवरमल मुवाल - अध्यक्ष, वीर तेजाजी सेवा संस्थान शहजाद भाटी मंडावरा - सदस्य, मौलाना आज़ाद अंजुमन कमेटी महेन्द्र नेहरा अभिनव जाखड़, संदीप खीचड, अजीत जाखड़, मोनू गोकुलपुरा तथा जाट समाज व अन्य संगठनों से जुड़े अनेक कार्यकर्ता जाट समाज के कई वरिष्ठ सदस्य, समाजसेवी उपस्थित रहे।



# ग्रामीण सेवा शिविर में सुधरी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज 40 साल पुरानी त्रुटि

### धर्म सिंह को मिला न्याय, किसानों को मिला गिरदावरी एप का प्रशिक्षण

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)।** राज्य सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति में बैठे वंचितों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 7 नवंबर तक हनुमानगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को हनुमानगढ़ के ग्राम पंचायत गुरुसर में आयोजित शिविर ग्रामीणों के लिए राहत लेकर आया। चक 9 एसएसडब्ल्यू के काश्तकार श्री धर्म सिंह पुत्र चंद सिंह ने शिविर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया कि उनके दादा का नाम राजस्व अभिलेखों में पिछले लगभग 40 वर्षों से गलत दर्ज है। इस कारण वे अब तक अपनी कृषि भूमि का नामांतरण अपने नाम दर्ज नहीं करवा सके और कई सरकारी योजनाओं से वंचित रह गए। कैम्प प्रभारी तहसीलदार श्रीमती भावना शर्मा के निर्देशन में राजस्व टीम- गिरदावर रामकुमार स्वामी, पटवारी सुनीता और श्रवण कुमार ने तुरंत रिकॉर्ड की जांच कर त्रुटि को सुधार दिया। मौके पर ही नाम सही कर आवेदन का निस्तारण होने से श्री धर्म सिंह को बड़ी राहत मिली। शिविर के दौरान किसानों को राज किसान गिरदावरी एप का प्रशिक्षण भी दिया गया। राजस्व विभाग की टीम ने किसानों को एप डाउनलोड करवाकर स्वयं गिरदावरी करना सिखाया और अधिक से अधिक किसान इस सुविधा का लाभ लें, इसके लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने कहा कि शिविरों के माध्यम से वर्षों पुराने प्रकरणों का समाधान अब आसानी से संभव हो पा रहा है। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन का आभार जताया।



## माधव विश्वविद्यालय में ऑनलाइन शिक्षा बनाम पारंपरिक कक्षा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (सार्थी) गतिविधियों के अंतर्गत बुधवार को ÷ऑनलाइन शिक्षा पारंपरिक कक्षा की जगह ले सकती है÷ विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. मो. फरमान अली ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के चांसलर हिम्मत सिंह देवल, प्रेसिडेंट डॉ राजीव माथुर व रजिस्ट्रार डॉ भावेश कुमावत ने किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर और विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के तर्कों को ध्यानपूर्वक सुना। प्रतियोगिता में दो समूह बनाए गए - एक पक्ष ने ऑनलाइन शिक्षा के लाभ गिनाए तो वहीं विपक्ष ने पारंपरिक कक्षा की उपयोगिता पर जोर दिया। पक्ष में बोलने वाले छात्रों ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा समय और स्थान की सीमाओं से मुक्त है तथा तकनीक की मदद से विद्यार्थी देश-विदेश के श्रेष्ठ शिक्षकों से सीधे जुड़ सकते हैं। इससे शिक्षा अधिक सुलभ और लचीली हो जाती है। वहीं, विपक्ष में बोलने वाले छात्रों ने बताया कि पारंपरिक कक्षा में शिक्षक-विद्यार्थी का सीधा संवाद होता है, जिससे न केवल विषय की गहरी समझ विकसित होती है बल्कि अनुशासन, मूल्य और सामाजिकता जैसे गुण भी छात्र सीखते हैं। वाद-विवाद में छात्रों ने अपने विचार तथ्यों और उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम रोचक और ज्ञानवर्धक बना। निर्णायकों ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा सहायक तो हो सकती है लेकिन यह पारंपरिक कक्षा का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकती। इस मौके पर अकादमिक अधिष्ठाता महेंद्र सिंह परमार, शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता डॉ जितेन्द्र तिवाड़ी, विधि संकाय की अधिष्ठाता डॉ. डी.के. उपाध्याय, परीक्षा नियंत्रक डॉ मुकेश महावर, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट निदेशक अतुल मिश्रा, एनएसएस निदेशक डॉक्टर देवेंद्र मुजाल्दा, वाणिज्य संख्या के विभागाध्यक्ष गंगा सिंह चौहान , डॉ अफसर अली व डॉ संदीप सहित विभिन्न संकाय सदस्य मौजूद रहे।



## खींया गांव में ग्रामीणों ने ग्रामीण राहत शिविर का किया बहिष्कार

द डेस्प्रिंग

**जैसलमेर-रमेश प्रजापत ।** जैसलमेर के पर्यावरण प्रेमियों द्वारा जिले की ओरण गोचर भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग को लेकर शुरू किया गया अनिश्चित कालीन धरना लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। तीसरे दिन कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना स्थल पर कई पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीण इलाकों में आयोजित हो रहे शिविरों का भी ग्रामीणों ने बहिष्कार किया। करीब 9 गांवों में गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर का बहिष्कार किया गया। आज गांव खींया में लगे राहत शिविर का गांव वाशियों ने पूर्ण तय बहिस्कार किया और जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौपा जिसमे ग्रामीणों ने बताया कि खींया गांव को की ओरण,नदी,नाले की जमीन को जब तक राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नही करेंगे तब तक शिविर का बहिष्कार जारी रहेगा पंचायत समिति मोहनगढ़ के विकास अधिकारी को ज्ञापन सौपा जिसमें गांव के मौजिज लोग शामिल थे ,पिछले दो सालों से ओरण भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाने के लिए तैयार की गई फाइलें जिला प्रशासन के पास धूल फांक रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन जिले की लाखों बीघा जमीन निजी कंपनियों को देकर जंगलों को खत्म करने का काम कर रही है।



# माधव विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई ने भारजा ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत ग्राम भारजा में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने गाँव में रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया और साफ-सफाई को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में एनएसएस निदेशक डॉ. देवेंद्र मुज़ाल्दा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। एनएसएस इकाई प्रथम की प्रभारी संगीता सिंह ने ग्रामीण महिलाओं और युवतियों को स्वच्छता से जुड़ी आदतों पर विशेष ध्यान देने की प्रेरणा दी। वहीं इकाई द्वितीय की प्रभारी डॉ. रेणुका ने कहा कि यदि महिलाएँ परिवार में स्वच्छता की आदतें विकसित करें तो समाज स्वतः ही स्वच्छ हो सकता है। सह प्रभारी डॉ. दुष्यंत कुमार ने बच्चों और युवाओं को स्वच्छ भारत अभियान का भविष्य बताते हुए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। डॉ. संदीप गेहलोत ने स्वच्छ पर्यावरण और स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंधों को रेखांकित किया।



डॉ. सुरेश त्रिवेदी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

ग्रामवासियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और संकल्प लिया कि वे अपने गाँव को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।

## माधव विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का होगी आयोजन

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में आगामी राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ नरेंद्र सिंह राठौड़ पूर्व डीडीजी आईसीआर आने वाले हैं द्य डॉ. भारती देसाई डायरेक्टर होम्योपैथी ने कहा कि यह राष्ट्रीय सेमिनार विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, कृषि समुदाय और बहु-विषयक दृष्टिकोण से जुड़े सभी लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे कार्यक्रम वर्ष में कम से कम दो बार आयोजित होने चाहिए, और विश्वविद्यालय सदैव ऐसे आयोजनों के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराता रहेगा। इस अवसर पर माधव विश्वविद्यालय के चांसलर हिम्मत सिंह देवल ने कहा कि राष्ट्रीय सेमिनार ज्ञान और शोध का साझा मंच प्रदान करते हैं, जहां देशभर के शोधार्थी, विद्वान एवं विशेषज्ञ एक साथ आकर अपने अनुभव साझा करते हैं।विश्वविद्यालय के प्रेसीडेंट डॉ राजीव माथुर ने बताया कि ऐसे आयोजनों से परस्पर सभी लाभान्वित होते है और शैक्षणिक वातावरण को नई दिशा मिलती है। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु संस्था वाइटल बायोटेक के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि विश्वविद्यालय समय-समय पर ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए सदैव तत्पर रहेगा। वाइटल बायोटेक के निदेशक डॉ. जितेंद्र मेहता ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनका पहला कार्यक्रम माधव विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी 19 से 20 सितंबर को आयोजित होने वाला यह सेमिनार भव्य रूप से सम्पन्न होगा और देशभर से प्रतिभागी इसमें शामिल होंगे। कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के अधिष्ठाता डॉ. गीतम सिंह ने बताया कि बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए कृषि, मानविकी एवं संबद्ध विज्ञानों में वैज्ञानिक नवाचार विषय पर यह दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें प्रगतिशील किसान, शिक्षक, प्रोफेसर, शोधार्थी एवं विद्यार्थी अपने शोध व अनुभव साझा करेंगे। विश्वविद्यालय सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विज्ञान, इंजीनियरिंग, शिक्षाशास्त्र, मानविकी, नर्सिंग, फार्मेसी, विशेष शिक्षा, विधि, शारीरिक शिक्षा सहित विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता एवं स्टाफ उपस्थित रहे तथा पुस्तिका की प्रतियां वितरित की गई।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447